दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
नई दिल्ली। सोमवार 13 अप्रैल -2026 | वर्ष : 11 अंक : 110 पेज -08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## नहीं रहीं सुरों की मल्लिका आशा भोसले

## आज पंचतत्व में विलीन होगा पार्थिव शरीर




**मुंबई।** दिग्गज सिंगर आशा भोसले ने 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। आशा भोसले को शनिवार को ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था। रविवार को आशा भोसले का निधन हो गया। आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने आशा के निधन की जानकारी दी।

### आज होगा आशा भोसले का अंतिम संस्कार

आनंद भोसले ने कहा, 'मेरी मां आशा भोसले का निधन हो गया है। सोमवार चार बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।'

### आशा भोसले के निधन से शोक की लहर

आशा के निधन से पूरे देश में शोक की लहर है। नेता, सेलेब्स सभी लोग उनके निधन पर दुख जता रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा, 'मधुर वाणी और अद्वितीय गायकी की प्रतिमूर्ति दीदी आशा भोसले जी ने दशकों तक भारतीय संगीत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनकी आवाज केवल सुरों का संगम नहीं, बल्कि भावनाओं का ऐसा अनकहा रिश्ता है जिसे शब्दों में बांध पाना संभव नहीं है। एक ऐसा जुड़ाव जो हर दिल में सदा जीवित रहेगा। उनके गाए गीत आने वाली पीढ़ियों तक यूं ही गूंजते रहेंगे।'

आशा भोसले की पोती जनाई भोसले ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके बताया था कि आशा भोसले को शनिवार रात को चेस्ट इंफेक्शन की वजह से एडमिट करवाया गया था। लेकिन मल्टी ऑर्गन फेलियर की वजह से आशा भोसले का निधन हो गया। आशा भोसले को कई अवॉर्ड से नवाजा गया। उन्हें 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। 2000 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार दिया गया था। उन्हें दो बार नेशनल अवॉर्ड मिला। उन्हें 1981 और 1986 में सर्वश्रेष्ठ महिला प्लेबैक गायिका का अवॉर्ड मिला। इसके अलावा उन्हें 7 बार फिल्मफेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 1996 में फिल्म रंगीला के लिए उन्हें फिल्मफेयर स्पेशल अवॉर्ड मिला।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## फिर आमने-सामने आए यूएस-ईरान!



**नई दिल्ली।** ईरान के साथ इस्लामाबाद में शांति वार्ता बेनतीजा रहने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अमेरिका जल्द ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में आने-जाने वाले जहाजों की नाकेबंदी शुरू करेगा. उनका यह बयान क्षेत्र में तनाव को और बढ़ाने वाला माना जा रहा है।

ट्रंप ने कहा, 'अमेरिकी नौसेना तुरंत प्रभाव से होर्मुज में प्रवेश करने या वहां से निकलने वाले सभी जहाजों को रोकने की प्रक्रिया शुरू करेगी. मैंने अपनी नौसेना को यह भी निर्देश दिया है कि वह अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ईरान को टोल चुकाने वाले प्रत्येक जहाज की तलाश करे और उसे रोके।'

उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान इस अहम समुद्री मार्ग को खुला रखने के अपने आश्वासनों का पालन करने में विफल रहा है।

## हिरासत से भागे नगर पंचायत कर्मी की इलाज के दौरान मौत, ग्रामीणों में आक्रोश, गांव में पुलिस बल तैनात





**मोदीनगर (गाजियाबाद)।** पुलिस हिरासत से भागने के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए मोदीनगर स्थित कस्बा पतला नगर पंचायत के कर्मचारी अमित चौधरी की उपचार के दौरान मौत हो गई।

उन्होंने पांच दिन तक जिंदगी की जंग लड़ी और रविवार को दम तोड़ दिया। वह मुरादनगर सीएचसी के पास ट्रक की चपेट में आ गए थे। उनका उपचार गाजियाबाद के नेहरूनगर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा था।

> पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> – **भास्कर वर्मा**, एसीपी मोदीनगर

कस्बा पतला निवासी सुभाष चौधरी के पुत्र अमित चौधरी (35) नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग कर्मचारी थे।

एसीपी मोदीनगर के अनुसार, बीती सात अप्रैल की रात अमित पतला-धौलड़ी मार्ग पर नशे की हालत में घायल मिले थे। पुलिसकर्मी उन्हें उपचार के लिए मुरादनगर सीएचसी ले गए थे, जहां से वह निकल गए। इसी दौरान वह ट्रक की चपेट में आ गए थे। घटना के बाद से अमित की हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी।

### परिवार में कोहराम, गांव के बाहर पुलिस तैनात

रविवार दोपहर अमित की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपित पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी और बर्खास्तगी की मांग की। स्थिति को देखते हुए गांव के बाहर एहतियातन भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अमित दो भाइयों में बड़े थे। छोटा भाई सुमित सेना में है, जबकि पिता सुभाष किसान हैं। ग्रामीणों के अनुसार, अमित मिलनसार और सरल स्वभाव के थे।

### चार पुलिसकर्मी किए जा चुके निलंबित

घटना के बाद से ही ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ है। बृहस्पतिवार को गुस्साए ग्रामीणों ने निवाड़ी थाने का घेराव कर करीब ढाई घंटे तक हंगामा भी किया था। मामले में लापरवाही सामने आने पर निवाड़ी थाने में तैनात दो उपनिरीक्षक लोकेंद्र चौधरी व शाहिद खान के साथ हेड कांस्टेबल सचिन मोहन और कांस्टेबल नरेंद्र को निलंबित किया जा चुका है। मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में एफआईआर दर्ज की गई थी। अब अमित की मौत के बाद परिजन सीधे हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

## भाजपा के पूर्व पार्षद ने लगाया कमर्शियल प्रॉपर्टी पर भारी बढ़ोत्तरी का आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर की नई दरें लागू किए जाने के बाद शहर में एक बार फिर टैक्स व्यवस्था को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है।

एक तरफ शासन और नगर निगम यह दावा कर रहे हैं कि दरों में



संशोधन कर आम जनता को राहत दी गई है, वहीं दूसरी तरफ पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने आरोप लगाया है कि जमीनी स्तर पर कमर्शियल प्रॉपर्टी धारकों को कोई राहत नहीं मिली, बल्कि उनका टैक्स बोझ और बढ़ गया है।

सामने आए दस्तावेजों और टैक्स कैलकुलेशन के आधार पर उन्होंने कहा कि नई दरों के बाद कमर्शियल संपत्तियों पर देय टैक्स करीब ढाई गुना तक बढ़ गया है, जिससे व्यापारी वर्ग में नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

**कमर्शियल प्रॉपर्टी पर 2.3 से 2.5 गुना तक बढ़ा टैक्स :** पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल के अनुसार 12 मीटर रोड पर स्थित 100 गज की कमर्शियल संपत्ति पर जहां पहले करीब 12 हजार रुपए टैक्स लगता था, वहीं अब यह बढ़कर लगभग 29 हजार रुपए हो गया है। इसी तरह 24 मीटर रोड पर 15 हजार रुपए से बढ़कर 36 हजार रुपए और 24 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क पर 18 हजार रुपए से बढ़कर 46 हजार रुपए तक टैक्स पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर 2.3 से 2.5 गुना तक वृद्धि हो रही है।

### कागजों में राहत, बिल में नहीं दिख रहा असर

हिमांशु मित्तल ने कहा कि नगर निगम और शासन स्तर पर राहत के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन कमर्शियल प्रॉपर्टी के मामलों में इसका असर बिलों में दिखाई नहीं दे रहा। दस्तावेजों में दरें कम करने की बात कही गई है, जबकि वास्तविक टैक्स गणना में वृद्धि सामने आ रही है, जिससे स्पष्ट विरोधाभास दिखता है।

### व्यापारियों का उत्पीड़न, लगातार आ रहीं शिकायतें

उन्होंने आरोप लगाया कि कमर्शियल प्रॉपर्टी धारकों पर टैक्स के नाम पर दबाव बनाया जा रहा है। कवि नगर और सिटी जोन जैसे क्षेत्रों से अनेक शिकायतें उनके पास आई हैं, जिनमें अधिक टैक्स वसूली और उत्पीड़न की बात कही गई है।




### केवल आवासीय को राहत, कमर्शियल पर बोझ

हिमांशु मित्तल का कहना है कि नई व्यवस्था में आवासीय संपत्तियों को कुछ राहत मिलती दिख रही है, लेकिन कमर्शियल श्रेणी पर अपेक्षाकृत अधिक भार डाला गया है, जो संतुलित नीति नहीं कही जा सकती।

### 40% संपत्तियां टैक्स से बाहर होने का दावा

पूर्व पार्षद ने यह भी आरोप लगाया कि शहर की लगभग 40 प्रतिशत संपत्तियां अभी भी टैक्स के दायरे से बाहर हैं, जबकि नियमित करदाताओं पर ही बोझ बढ़ाया जा रहा है। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

## हाउस टैक्स के मुद्दे पर लड़ने वाले हर योद्धा को है बधाई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हाउस टैक्स वृद्धि का मामला धीरे धीरे एक आंदोलन का रूप ले गया। अब जब हाउस टैक्स की दर तय हो गयी है तो ये लड़ाई भी थम गयी है। यहां पर भले ही कोई सरकार को बधाई दे, कोई शासन को बधाई दे, लेकिन ये सत्य है कि इस लड़ाई को भाजपा के पूर्व पार्षदों ने लड़ा। इस लड़ाई को भाजपा के मौजूदा पार्षदों ने लड़ा, इस लड़ाई को निर्दलीय पार्षद ने लड़ा। इस लड़ाई को जनप्रतिनिधियों ने लड़ा और इस लड़ाई को व्यापारमंडल ने लड़ा। ये लड़ाई इतनी आसान नहीं थी और कोर्ट के फैसले के बाद शासन ने इस मामले की नजाकत को समझा है और हाउस टैक्स की दर को कम किया है। ये मोर्चा भाजपा के उन पूर्व पार्षदों ने खोला जो निगम एक्ट के जानकार माने जाते हैं। यहा पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, पूर्व पार्षद अनिल स्वामी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल आगे आये। पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने संगठन से लेकर निगम की मुखिया मेयर को पत्र लिखे, उन्हें बताया कि यह ठीक नहीं है। उन्होंने महानगर संगठन को भी पत्र लिखा। इसके बाद निगम की बोर्ड बैठक हुई और इस बोर्ड बैठक में सबसे ज्यादा मुखर विरोध में भाजपा के पार्षद आ गये। ईधर पार्षद एकता का नारा गूंजा और पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन का गठन हो गया। उधर पूर्व पार्षद इस मामले को लेकर कोर्ट में चले गये। कोर्ट में लड़ाई शुरू हुई और पार्षदों ने सर्वसम्मति से सदन में कर वृद्धि का प्रस्ताव निरस्त कर दिया। मेयर ने सदन में घोषणा की कि बढ़ी हुई दर लागू नही होगी। ईधर निगम लगातार लोगों के मोबाईल पर मैसेज भेज रहा था। कर वसूलने के लिए कर्मचारी घरों के दरवाजों पर थे। कोर्ट का फैसला आ गया और पूर्व मेयर अशु वर्मा ने तो हाथ जोड़कर जनता से माफी मांग ली। इस लड़ाई में पदेश जनप्रतिनिधि भी साथ रहे। शहर विधायक संजीव शर्मा ने पत्र लिखा। जब प्रभारी मंत्री आये तो उन्होंने उनके समक्ष ये मुददा रखा। खुद प्रभारी मंत्री ने इस मामले पर नोटिस लिया। यहां पर उन पार्षदों को नहीं भुलाया जा सकता जिन्होंनें इस लड़ाई को सबसे ज्यादा मजबूती से लड़ा है। पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद गौरव सोलंकी सहित कई नाम हैं। पूर्व पार्षदों में हिमांशु भी इस लड़ाई में पूरी तरह साथ रहे। भाजपा के पार्षद इसलिए भी इस लड़ाई के नायक हैं क्योंकि वो धरने पर बैठ गये और लखनऊ भी गये। हर दरवाजे को खटखटाया। चार पार्षद तो ऐसे थे, जिनके खिलाफ अनुशासन हीनता का ही नोटिस जारी हो गया। इन पार्षदों के जज्बे को सलाम करना होगा कि वो पार्टी से बाहर होने को तैयार थे लेकिन जनमुददे पर वो जनता के साथ खड़े हो गये। निर्दलीय पार्षद धीरेन्द्र बिल्लू ने तो सदन में इस्तीफा ही दे दिया। ये एक साहसिक कदम था और सीधा संदेश था कि अगर हम जनता के लिए लड़ भी नहीं सकते तो हमारा सदन में होने का अर्थ क्या है। इस लड़ाई में एक बड़ी भूमिका व्यापार मंडल ने भी निभाई व्यापार मंडल के नेता पीछे नहीं रहे। चाहे वो महानगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष गोपीचंद हों या व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप बंसल हों, चाहे वो राकेश स्वामी हों या अन्य व्यापारी नेता हों। ये सभी नेता जनता की आवाज में आवाज मिलाकर सामने आये। ये जन दबाव था कि शासन तक ये आवाज पहुंची और हाउस टैक्स कम हुआ। ये उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सामूहिक है। यहां पर मीडिया भी पूरी तरह से इस मुददे को लेकर पूरी तरह से एक्टिव रहा।

### एमएलसी दिनेश गोयल ने उठाया था सदन में सवाल

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस मुदद‌े पर शासन को पत्र लिखा लेकिन यहां सबसे जोरदार कदम एमएलसी दिनेश गोयल ने उठाया। एमएलसी दिनेश गोयल ने विधान परिषद में हाउस टैक्स के मामले को उठाया, सरकार तक ये मामला पहुंचाया और पूरे प्रदेश ने एमएलसी दिनेश गोयल की आवाज को सुना।

### सबने लड़ी लड़ाई और सबने दिखाया जोश

करंट क्राइम। हाउस टैक्स की लड़ाई की जंग काफी रोचक रही है। भाजपा के पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया और विपक्ष के पार्षद बैकफुट पर दिखे। कुछ ऐसे भी चेहरे थे जो पूरी लड़ाई में खामोश रहे और कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने इस लड़ाई को लड़ा। सवाल भी उठे लेकिन कोर्ट से जंग हारने के बाद भी ये मुददा शांत नहीं हुआ। जब पूरा शहर ही धीरे धीरे एकजुट हुआ तो फिर शासन भी बैकफुट पर आया। अब यही देखना है कि पुरानी दरों पर किस तरह से टैक्स जमा होगा और जो लोग बढ़ी हुई दरों पर जमा कर चुके हैं वो टैक्स कैसे एडजस्ट होगा।

### समाजवादियों ने खोला जब निगम मुख्यालय पर मोर्चा

करंट क्राइम। अगर इस पूरे आंदोलन में विपक्ष की बात करें तो सबसे ज्यादा मुखर रूप में समाजवादी पार्टी रही है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने हाउस टैक्स के विरोध में पत्र लिखा। वो विरोध में आगे आये। समाजवादियों ने निगम मुख्यालय पर मोर्चा खोल दिया और ये अहसास कराया कि विपक्ष जिन्दा है। लेकिन अन्य दलों की बात करें तो यहां कांग्रेस, बसपा और आम आदमी पार्टी ने केवल विरोध की औपचारिकता निभाई। एक धरना एक ज्ञापन और एक प्रैस वार्ता का उन्होंने इस आंदोलन में सहयोग किया। बसपा तो पूरी तरह से खामोश रही। रालोद से उम्मीद भी नहीं थी क्योंकि वो सहयोगी दल में है। लेकिन ये लड़ाई भाजपा के पार्षदों ने लड़ी, व्यापपार मंडलों ने लड़ी, भाजपा के पूर्व पार्षदों ने लड़ी और वो इस लड़ाई को जीतने में सफल रहे हैं।

## ये है एमएलसी दिनेश गोयल का पब्लिक से मिलने का एक खूबसूरत अंदाज

## एनडीए का एग्जाम देकर आयी छात्रा को खिलाई मिठाई और दिया आशीर्वाद











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में आपका व्यक्तिव आपको लोकप्रिय बनाता है। एक बड़ी सख्सियत की यही पहचान होती है कि वो कभी भी सामने वाले को छोटा होने का अहसास ही नहीं होने देते। अपने सानिध्य में आये हर व्यक्ति का सम्मान करते हैं और उनका आचरण ऐसा होता है कि वो सम्मान के काबिल बनते हैं और अपने व्यवहार से सामने वाले के दिल पर छा जाते हैं। एमएलसी दिनेश गोयल एक ऐसी ही सख्सियत हैं। हमेशा चेहरे पर सहज मुस्कान रहती है। आत्मीयता का एक अहसास कराते हैं।

इस बात को एनडीए का एग्जाम देकर अपने पिता के साथ एमएलसी दिनेश गोयल के पास पहुंची बिटिया अवनी बेहतर बता सकती है। अवनी के साथ अन्य परिजन भी गये थे और ये सभी बच्चे एमएलसी दिनेश गोयल के व्यवहार से प्रभावित हो गये। दरअसल मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र में रविन्द्र फौजी रहते हैं।

रविन्द्र फौजी की बेटी अवनी कुमारी एनडीए का एग्जाम देने आयी थी। जो लोग शिक्षा से परिचित हैं, जो लोग फौज में जाना चाहते हैं वो जानते हैं कि एनडीए का गौरव क्या है। अवनी के पिता रविन्द्र फौजी एमएलसी दिनेश गोयल से काफी प्रभावित हैं। वो एक जनप्रतिनिधि के रूप में एमएलसी दिनेश गोयल के फैन हैं। एनडीए की परीक्षा देने के उपरान्त रविन्द्र फौजी अपनी बेटी अवनी को लेकर एमएलसी दिनेश गोयल के यहां पहुंचे। अवनी के साथ दरवेश डेढा के फौजी के पुत्र कार्तिक डेढा भी थे। कंकरखेड़ा से अवनी का भाई लविश और बहन भी आये थे। यहां पहुंचकर अवनी के पिता ने अपना परिचय दिया और अपनी बेटी का परिचय दिया। बताया कि अवनी ने आज एनडीए की परीक्षा दी है। एक बेटी का हौंसला किस तरह से बढ़ाया जाता है ये एमएलसी दिनेश गोयल ने दिखाया। बेटियों का सम्मान कैसे होता है ये बताया। उन्होंने सबसे पहले मिठाई मंगाई और अपने हाथों से अवनी को मिठाई खिलाई। इसके बाद दिनेश गोयल ने बिटिया को आशीर्वाद दिया और कहा कि तुम्हारा एग्जाम कैसा रहा। परीक्षा अच्छी होने से खुश अवनी ने जवाब दिया कि एग्जाम बहुत अच्छा रहा है। इसके बाद एमएलसी दिनेश गोयल ने पूछा कि एनडीए ही क्यों तो अवनी ने जवाब दिया कि वो देश की सेवा करना चाहती है। इसके बाद एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा कि वास्तव में ये देश के लिए भी गर्व की बात है कि देश की बेटियां देश की रक्षा के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए में जाना ही एक बेटी के लिए गौरव की बात है। एक बेटी जब सफल होती है तो पूरा परिवार उसपर नाज करता है।

एक फौजी पिता का भी ये जज्बा है कि वो देश की सेवा के लिए अपने बच्चों को फौज में भेजना चाहते हैं। यहां पर जो चीज सबसे ज्यादा उत्साहवर्धन कर रही थी वो थी एमएलसी दिनेश गोयल का बच्चों के प्रति आत्मीय व्यवहार, और सभी परिजनों से विनम्रतापूर्वक मिलने का अंदाज। एमएलसी दिनेश गोयल ने अवनी, उनके भाई लविश को भी आशीर्वाद दिया। कहा कि आप सभी की मेहनत सफल हो।

एमएलसी दिनेश गोयल का ये अंदाज ये बच्चे कभी नहीं भूलेंगे और उत्साहवर्धन का तरीका, आत्मीयता से अवनी के पिता भी खुश दिखाई दिये। उन्होंने एक उदाहरण प्रस्तुत किया कि क्यों एमएलसी दिनेश गोयल इतने लोकप्रिय हैं और क्यों उनके पास आकर लोग अपनापन महसूस करते हैं।

13 April -26 page 2 12-04-2026 10:36 PM Page 1







# प्यार हमारा अमर रहेगा...

## नहीं रहीं स्वर कोकिला आशा भोसले

जन्म : 8 सितंबर 1933 – निधन : 12 अप्रैल, 2026

**अलविदा आशा ताई**

## 92 वर्ष की आयु में दुनिया को कहा अलविदा, आज अंतिम संस्कार

**मुंबई।** मशहूर गायिका आशा भोसले हमारे बीच नहीं रहीं। 92 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। करीब सात दशक तक सिनेमाई दुनिया में अपनी सुरीली आवाज का जादू चलाने वाली गायिका को कल शनिवार को तबीयत खराब होने के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में इमरजेंसी मेडिकल सर्विसेज यूनिट में उनका उपचार चल रहा था। दुनियाभर के फैंस दुआएं कर रहे थे। मगर, रविवार को गायिका ने दुनिया को अलविदा



कह दिया। अमर उजाला से बातचीत में आशा भोसले के बेटे आनंद भोसले ने इस खबर की पुष्टि की है।

**सीने में संक्रमण के कारण अस्पताल में कराया गया था भर्ती :** बीते दिन शनिवार को आशा भोसले के तबीयत बिगड़ने की खबर आई। गायिका की पोती जनाई भोसले ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उनका हेल्थ अपडेट साझा करते हुए लिखा था, ह्यअत्यधिक थकावट और सीने में संक्रमण के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि हमारी निजता का सम्मान करें। उनका इलाज चल रहा है और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा'। गायिका की तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल के बाहर फैंस की भीड़ जमा होने लगी। साथ ही आशा भोसले के आवास के बाहर भी लोग एकत्र होने लगे। सभी को आस थी कि गायिका स्वस्थ होकर लौटेंगी, मगर फैंस की यह उम्मीद टूट गई।

आशा भोसले का अंतिम संस्कार आज होगा। गायिका का पार्थिव शरीर सुबह 11 बजे लोअर परेल में उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। शाम 4 बजे दादर के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। यही वही जगह है, जहां उनकी बहन लता मंगेशकर का भी अंतिम संस्कार हुआ था।

**मराठी फिल्म में गाया था पहला गाना :** 8 सितंबर 1933 को आशा भोसले का जन्म एक संगीत से जुड़े परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक एक्टर और क्लासिकल सिंगर थे।

आशा भोसले स्वर कोकिला लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले जब नौ साल की थीं, तभी उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी फैमिली पुणे से कोल्हापुर और बाद में मुंबई आ गई। बड़ी बहन लता मंगेशकर के पद्चिन्हों पर चलते हुए वह भी संगीत की दुनिया में आईं। आशा भोसले ने पहला गीत मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में ह्यचला चला नाव वालाह्ल गाया था। जबकि बॉलीवुड में उनका पहला गाना ह्यचुनरिया (1948)ह्ल फिल्म में ह्यसावन आयाह्ल था। यहां से शुरू हुआ संगीत और गीतों का सफर पांच दशक से ज्यादा समय तक चला और आशा भोसले देखते-देखते भारतीय संगीत की दिग्गजों में शामिल हो गईं।

## 78 साल का सफर, 20 भाषाओं में गाए लगभग 12 हजार गाने

### ग्रैमी नामांकन पाने वाली पहली भारतीय महिला

**नई दिल्ली।** हर भारतीय संगीत प्रेमी आज ये ही कह रहा है, लेकिन अफसोस कि आज उसकी ये मुराद पूरी नहीं हो सकती है। क्योंकि इस गाने को अपनी आवाज से यादगार बनाने वाली दिग्गज गायिका आशा भोसले इस दुनिया को छोड़कर जा चुकी हैं। 92 साल की उम्र में आशा भोसले ने अंतिम सांस ली। भले ही अब आशा भोसले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपने सदाबहार गीतों के जरिए आशा भोसले हमसे कभी जुदा नहीं होंगी, ये वादा रहा। डालते हैं एक नजर आशा भोसले के प्रारंभिक जीवन से लेकर उनके करियर, अवॉर्ड्स और यादगार गीतों पर।

संगीत से जुड़े परिवार में हुआ जन्म

8 सितंबर 1933 को आशा भोसले का जन्म एक संगीत से जुड़े परिवार में हुआ था। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर एक एक्टर और क्लासिकल गायक थे। आशा भोसले स्वर कोकिला लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले जब नौ साल की थीं तभी उनके पिता का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी फैमिली पुणे से कोल्हापुर और बाद में मुंबई आ गई। बड़ी बहन लता



**आशा भोसले के अवॉर्ड**

- 2 नेशनल अवॉर्ड
- 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड
- साल 2000 में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड
- साल 2008 में पद्म विभूषण सम्मान

मंगेशकर के पद्चिन्हों पर चलते हुए वह भी संगीत की दुनिया में आईं। दोनों बहनों ने परिवार चलाने के लिए फिल्मों में गाना शुरू किया। आशा भोसले ने पहला गीत मराठी फिल्म 'माझा बाल' (1943) में ह्यचला चला नवबालाह्ल गाया था। जबकि बॉलीवुड में उनका पहला गाना ह्यचुनरिया (1948)ह्ल फिल्म में ह्यसावन आयाह्ल था। यहां से शुरू हुआ संगीत और गीतों का सफर पांच दशक से ज्यादा समय तक चला और आशा भोसले देखते-देखते भारतीय संगीत की दिग्गजों में शामिल हो गईं।

लीजेंड्री सिंगर्स के बीच बनाई पहचान, एक्टिंग में भी आजमाया हाथ

1940 के दशक के अंत से 1950 के दशक की शुरूआत तक गीता दत्त, शमशाद बेगम और लता मंगेशकर



जैसी प्रमुख गायिकाओं के बीच आशा भोसले ने भी अपनी जगह बनानी शुरू की। 1950 के दशक में आशा भोसले ने हिंदी फिल्मों में अधिकांश प्लेबैक सिंगर्स की तुलना में अधिक गीत गाए। इनमें से अधिकतर कम बजट वाली फिल्मों में थे। उनके शुरूआती गीतों की कंपोजिशन ए. आर. कुरैशी, सज्जाद हुसैन, एस. मोहिंदर, सरदार मलिक, गुलाम मोहम्मद और कुछ अन्य संगीतकारों ने की थी। सज्जाद हुसैन के संगीत में बनी फिल्म ह्यसंगदिलह्ल (1952) के गानों को आवाज देने से आशा भोसले को पहचान मिली। उसी साल ओपी नैयर द्वारा निर्देशित फिल्म ह्यछम छमा छमह्ल में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई और फिल्म के 11 में से 10 गाने भी गाए। इसके बाद बिमल रॉय ने उन्हें परिणीता (1953) में गाने का मौका दिया। राज कपूर ने उन्हें फिल्म बूट पॉलिश (1954) के सभी गाने गाने के लिए साइन किया, जिससे उन्हें लोकप्रियता मिली।

**16 साल की उम्र में बहन लता मंगेशकर के सेक्रेटरी से की शादी :** आशा भोसले का करियर अभी ढंग से शुरू ही हुआ था कि सिर्फ 16 साल की उम्र में ही उन्होंने बहन लता मंगेशकर के सेक्रेटरी गणपत राव भोसले से शादी कर ली। गणपत राव आशा से लगभग 20 साल बड़े थे। इस रिश्ते को लता मंगेशकर और उनके परिवार ने स्वीकार नहीं किया। इस वजह से आशा और लता मंगेशकर के रिश्ते में दूरी भी आई, जो एक लंबे वक्त तक बनी रही। लेकिन आशा भोसले ने अपनी बहन और परिवार के खिलाफ जाकर अपने प्यार को चुना। एक पुराने इंटरव्यू में आशा भोसले ने अपनी शादी के बारे में कहा था, ह्यपति का परिवार रूढ़िवादी था, वह एक सिंगिंग स्टार को स्वीकार नहीं कर सका। जब मैं अपने छोटे बेटे आनंद को जन्म देने वाली थी तो परिवार ने मायके वापस लौट जाने को कहा।ह्ल हालांकि, आशा भोसले और गणपत राव की शादी ज्यादा वक्त तक नहीं टिक सकी।

## 'उनके गीत हमेशा गूंजते रहेंगे'

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** दिग्गज गायिका आशा भोसले नहीं रहीं। उनके निधन पर फिल्म, खेल और राजनीति जगत की हस्तियां श्रद्धांजलि दे





रही हैं और दुख जता रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आशा भोसले के निधन पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही गायिका के परिवार के प्रति संवेदना जाहिर की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रख्यात गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि आशा भोसले भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी आवाजों में से एक थीं, जिनकी संगीत यात्रा ने दशकों तक भारतीय सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया। पीएम मोदी ने कहा कि उनके भावपूर्ण गीतों और जीवंत संगीत ने दुनिया भर में लाखों दिलों को छुआ। उन्होंने आशा जी के साथ हुई अपनी मुलाकातों को हमेशा यादगार बताया और कहा कि उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवार, प्रशंसकों तथा संगीत प्रेमियों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## सिलिंडर के लिए कालाबाजारी जारी

### सरकार के दावे बेकार, नहीं रुक रहा प्रवासियों का पलायन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सिलिंडर की कालाबाजारी थम नहीं रही। भले ही सरकार ने कालाबाजारी रोकने के लिए पूरी दिल्ली में विजिलेंस की टीम तैनात कर रखी हो, लेकिन सरकार की ढीली जांच व्यवस्था के चलते सिलिंडरों की कालाबाजारी खुलेआम की जा रही है। सरकारी दावों की पड़ताल करने जब अमर उजाला की टीम निकली तो लोगों ने बताया कि एलपीजी सिलिंडर की डिलिवरी नहीं हो रही और अगर हो भी रही है तो डिलीवरी मैन 500 से 700 रुपये अतिरिक्त मांग रहे हैं। इतना ही नहीं जो सिलिंडर आ रहा उसमें 5 से 6 किलो गैस कम आ रही। इस वजह से लोग कतार में खड़े होने के लिए मजबूर हैं।

**सिलिंडर के लिए कतार लगाने को नहीं जा रहे काम :** विवेक विहार स्थित एक गैस एजेंसी में सिलिंडर लेने



आई राज रानी ने बताया कि डिलिवरी मैन सिलिंडर डिलिवरी के नाम पर 500 से 700 रुपए अतिरिक्त शुल्क मांगते हैं इसलिए वह काम छोड़कर खुद सिलिंडर लेने आई हैं। जब उनसे पूछा गया कि आपने शिकायत नहीं कि तो उन्होंने कहा सिलिंडर मिल रहा है यह कम है क्या।

आधे दिन की छुट्टी लेकर सिलिंडर लेने विश्वास नगर स्थित गैस एजेंसी में सिलिंडर लेने आए मनीष ने आरोप लगाया कि घर पर जो सिलिंडर डिलिवरी होती है उसमें 4 से 5 किलो गैस कम होती है, जिससे काफी नुकसान हो रहा है इसलिए काम छोड़कर वह खुद गैस लेने आये हैं। यमुनापार स्थित एक गैस एजेंसी में रामदास ने एजेंसी वालों पर उनका सिलिंडर न देकर ब्लैक करने का आरोप लगाकर झगड़ा करना शुरू कर दिया। लेकिन एजेंसी वाला इस बात से अपना पल्ला झाड़ता नजर आया।

**नहीं रुक रहा पलायन :** एलपीजी संकट का असर अब मजदूरों की जिंदगी और रोजगार पर दिखाई देने लगा है। राजधानी की विभिन्न लेबर मंडियों में गैस संकट के कारण मजदूरों की संख्या में कमी देखी जा रही है। सुबह-सुबह काम की तलाश में जुटने वाले मजदूरों की भीड़ अब पहले जैसी नहीं रही। बताया जा रहा हैं कि एलपीजी संकट के चलते मजदूरों का पलायन जारी है और जो मजदूर बचे हैं, वो भी पलायन की बात कह रहे हैं।

ठेकेदारों ने भी मजदूरों के पलायन की पुष्टि की है। ठेकेदारों व स्थनीय लोगों का कहना है कि पहले जहां सुबह बड़ी संख्या में मजदूर मिल जाते थे, अब उतने मजदूर नहीं मिल रहे। इलाके की लेबर मंडियों में पहले की तुलना में काफी कम भीड़ नजर आ रही है।

## सरकार ईवी से करेगी प्रदूषण पर सीधा वार

### दिल्ली सरकार का संकल्प : पेट्रोल-डीजल वाहनों को धीरे-धीरे खत्म किया जाएगा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण पर निर्णायक चोट करने के लिए सरकार ने नई ड्राफ्ट इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पॉलिसी 2026-2030 सार्वजनिक कर दी है। इस नीति के जरिए सरकार का साफ लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में पेट्रोल और डीजल वाहनों को धीरे-धीरे सिस्टम से बाहर करना और प्रदूषण के बड़े स्रोत पर सीधा प्रहार करना।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, सर्दियों में दिल्ली के कुल वायु प्रदूषण में करीब 23 फीसदी हिस्सेदारी वाहनों से होने वाले उत्सर्जन की होती है। इसमें भी दोपहिया वाहनों का योगदान सबसे ज्यादा है। इसी को ध्यान में रखते हुए नई नीति में कड़े प्रावधान और स्पष्ट समयसीमा तय की गई है, ताकि इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से बढ़ावा मिल सके।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक समर्पित ईवी फंड बनाया जाएगा। इस फंड में राज्य बजट के अलावा केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं, अनुदानों, एयर एम्बियंस फंड, पर्यावरण क्षतिपूर्ति शुल्क, पीएम ई-ड्राइव योजना, टैक्स और अन्य स्वीकृत स्रोतों से संसाधन जुटाए जाएंगे। नीति के क्रियान्वयन और फंड के उपयोग की निगरानी के लिए परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में दिल्ली ईवी एपेक्स समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति सुनिश्चित करेगी कि ईवी पॉलिसी के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से जमीन पर उतारा जाए।

**परिवहन विभाग ने सुझाव और आपत्तियां मांगी :** 30 दिन के भीतर दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति 2026 के ड्राफ्ट पर सुझाव और टिप्पणियां 10 मई 2026 तक भेज सकते हैं। मेल के अलावा डाक के जरिये संयुक्त आयुक्त (ईवी), परिवहन विभाग, जीएनसीटीडी, 5/9, अंडर हिल रोड, दिल्ली-110054 के पते पर भी सुझाव या आपत्ति भेजी जा सकती है। विभाग ने साफ किया है कि तय समय सीमा के बाद भेजे गए सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिल्ली की नई ईवी नीति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देखरेख में लागू करने की तैयारी हैं। राजधानी में साफ, सुलभ और परिवहन प्रणाली स्थापित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।

## रील का खुमार: बुलेट पर लिखा पुलिस, हाथ छोड़कर किया स्टंट



**रील का खुमार**

### महिला ने अपने साथ दूसरों की भी जान जोखिम में डाली

**बुलंदशहर।** युवाओं पर रील बनाने का खुमार इस कदर चढ़ा है कि अब लोग सड़कों पर अपनी और दूसरों की जान की परवाह भी नहीं कर रहे हैं। वहीं, अब नेशनल हाईवे और शहर के व्यस्ततम इलाकों में एक महिला द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल पर जानलेवा स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रील बनाने की दीवानगी में महिला न केवल यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रही है, बल्कि मौत को भी खुला निमंत्रण दे रही है।

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एक बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार महिला हाईवे पर तेज रफ्तार में है। स्टंट के दौरान महिला कभी मोटरसाइकिल के हैंडल से दोनों हाथ हटा लेती है, तो कभी अपने पैरों को ऊपर रखकर लापरवाही से ड्राइविंग करती नजर आती है। हद तो तब हो गई जब यह देखा गया कि बाइक की नंबर प्लेट पर रजिस्ट्रेशन नंबर के बजाय बड़े अक्षरों में पुलिस लिखा हुआ है।

## 'देश का सबसे बड़ा घोटाला है एसआईआर': ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर चुनावों से पहले मतदाताओं को रिश्वत देने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने बंगाल चुनाव से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को हालिया समय का देश का सबसे बड़ा घोटाला बताया। पूर्वी बर्धवान जिले के खंडाघोष में एक रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आई तो वह पश्चिम बंगाल के लोगों से सब कुछ छीन लेगी। उन्होंने कहा, ₹भाजपा चुनावों से पहले मतदाताओं को रिश्वत देती है। लेकिन वे मतदान खत्म होने के तुरंत बाद अपने वादे भूल जाते हैं। यह बिहार चुनावों में देखा गया था।₹

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने आगे आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदान प्रक्रिया में हेरफेर करने की कोशिश करेगी।

## पीएम मोदी का सिलीगुड़ी से संदेश: 'बंगाल का मिजाज बीजेपी के साथ'

**राजनीतिक संदेश**

### पीएम मोदी ने वीडियो साझा कर बोले- लोगों के दिल-दिमाग में भाजपा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में हुई विशाल जनसभा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए बड़ा राजनीतिक संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल का मिजाज अब साफ तौर पर भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है। वीडियो में वे हेलीपैड के पास खड़े होकर समर्थकों की भीड़ की वीडियोग्राफी कर रहे थे। तस्वीरों में भारी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए हेलीपैड के पास पहुंचे



थे। पीएम मोदी ने वीडियो के साथ कैप्शन दिया 'पश्चिम बंगाल का मिजाज देखने के लिए, यहां सिलीगुड़ी आइए। लोगों के दिलों-दिमाग में सिर्फ एक ही पार्टी है- भाजपा।'

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जनता का प्यार और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी कहा कि वह हर पल देश और जनता के लिए समर्पित हैं। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों में उत्तर बंगाल के विकास को नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी, जो नॉर्थ बंगाल का गेटवे है, उसे बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और उद्योग के मामले में पीछे रखा गया।

ममता बनर्जी की पार्टी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा टीएमसी वालों कान खोलकर सुन लो, 4 मई के बाद भाजपा सरकार बनेगी और 15 साल का पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा 'टीएमसी सरकार अपने 15 साल पूरे कर चुकी है। 15 साल में बबार्दी आपने देखी है। मैं यहां काफी नौजवानों को देख रहा हूं।

### अब देश के आखिरी गांव तक पहुंचेगी रेल

## भारतीय रेलवे ने 6000 किमी नई लाइन विस्तार को दी मंजूरी

**कनेक्टिविटी**

### इस बार खास जोर आदिवासी क्षेत्रों में नई रेल लाइन बिछाने पर है ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके



**नई दिल्ली।** भारतीय रेल देश के आखिरी छोर तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और गरीब व दूर-दराज के इलाकों तक पहुंच बनाने के लिए बड़े स्तर पर निवेश कर रही है। इसके तहत भारतीय रेलवे ने 2025-26 में 6000 किलोमीटर नई रेल लाइन के विस्तार को मंजूरी दी है, जो पिछले साल के मुकाबले 114% ज्यादा है।

इस बार खास जोर आदिवासी क्षेत्रों में नई रेल लाइन बिछाने और भीड़भाड़ वाले रूट को कम करने पर है, ताकि ट्रेन समय पर चलें और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। कुल 1.53 लाख करोड़ के निवेश के साथ यह पिछले साल से 110% ज्यादा है।

इसके साथ ही 2025-26 में 100 नए प्रोजेक्ट मंजूर किए गए हैं, जो 56% की बढ़ोतरी दिखाते हैं।

इन परियोजनाओं से यात्रा का समय कम होगा, रोजगार के मौके बढ़ेंगे, उद्योगों को फायदा मिलेगा और माल ढुलाई सस्ती होगी।

13 April -26 page 4 12-04-2026 10:39 PM Page 1



## संपादकीय

# बाल तस्करी पर लापरवाही

हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें।

गौरतलब है कि एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है। हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था। अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें। मगर इस मुद्दे पर राज्य सरकारों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई राज्यों ने अभी तक तय प्रारूप में रपट तक दाखिल नहीं की है। सरकारी तंत्र में इस इच्छाशक्ति के अभाव और उदासीनता की वजह क्या यह है कि जो बच्चे तस्करी का शिकार हो जाते हैं, उनमें ज्यादातर समाज के गरीब और कमजोर तबके से आते हैं? यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि देश में बाल तस्करी का संकट पिछले कुछ वर्षों के दौरान कितना गहरा गया है। खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बच्चों के लापता होने के मामलों में काफी तेजी दर्ज की गई। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति ज्यादा गंभीर है। सही है कि लापता होने वाले तमाम बच्चों में से कइयों को पुलिस खोज लेती है, लेकिन उनमें से बहुतों की कोई खबर नहीं मिलती। सवाल है कि जिन बच्चों को नहीं खोजा जा पाता, वे कहां जाते हैं।

# अमेरिका-ईरान वार्ता फेल
## बाजार पर मंडराया भारी गिरावट का खतरा

### विदेशी निवेशकों की बिकवाली से दबाव बढ़ा

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बिना किसी समझौते के खत्म हो गई है। इसका नकारात्मक असर आज भारतीय शेयर बाजार पर पड़ने की आशंका है। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार भारी गिरावट के साथ खुल सकता है। इस हफ्ते निवेशकों की नजर युद्ध के हालातों के साथ-साथ महंगाई के आंकड़ों और बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों पर भी रहेगी। अगर आप शेयर बाजार के निवेशक हैं, तो सोमवार की सुबह आपके लिए उथल-पुथल भरी हो सकती है। पश्चिम एशिया से आ रही खबरों ने भारतीय बाजार में चिंता की लकीरें खींच दी हैं। पाकिस्तान में ईरान और अमेरिका के बीच चल रही शांति वार्ता बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई है। अब विशेषज्ञों का कहना है कि इसका सीधा असर सोमवार को बाजार खुलते ही देखने को मिल सकता है।



रविवार को ईरान की ओर से आए बयान ने साफ कर दिया कि कूटनीति की राह इतनी आसान नहीं है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकई ने बताया कि अमेरिकी पक्ष की अत्यधिक मांगों के कारण बातचीत किसी समझौते तक नहीं पहुंच सकी। वहीं, अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का रुख कड़ा रहा। उन्होंने कहा कि शांति समझौते में सबसे बड़ी बाधा ईरान का अपना परमाणु कार्यक्रम न छोड़ना है।

### बाजार पर 'गैप डाउन' ओपनिंग का खतरा

पिछले हफ्ते भारतीय बाजार में जबरदस्त रौनक देखी गई थी। सेंसेक्स 4,230 अंक और निफ्टी करीब 1,337 अंक चढ़कर बंद हुए थे। यह तेजी इस उम्मीद में थी कि युद्ध टल जाएगा और कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के नीचे बनी रहेंगी। लेकिन वार्ता विफल होने से अब यह पूरी बढ़त दांव पर है।

शेयर बाजार विशेषज्ञ हरिप्रसाद के अनुसार, निफ्टी इस समय एक बेहद संवेदनशील मोड़ पर है। उन्होंने चेतावनी दी है कि सोमवार को बाजार एक बड़ी गिरावट के साथ खुल सकता है। जो निवेशक पिछले हफ्ते की तेजी का फायदा उठा रहे थे, उन्हें अब भारी उतार-चढ़ाव के लिए तैयार रहना चाहिए।

# महंगाई के बीच कोल इंडिया का बड़ा फैसला, लागत बढ़ी, फिर भी कोयला सस्ता रहेगा

### बिजली महंगाई रोकने के लिए कंपनी ने उठाया कदम

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने फैसला किया है कि वह बढ़ती लागत का बोझ खुद उठाएगी और कोयले की कीमतें नहीं बढ़ाएगी। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण विस्फोटकों और औद्योगिक डीजल के दाम काफी बढ़ गए हैं। विस्फोटकों में इस्तेमाल होने वाले अमोनियम नाइट्रेट की कीमत 44 प्रतिशत बढ़कर 72,750 रुपये प्रति टन हो गई है। इससे विस्फोटकों की औसत लागत में 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, डीजल की कीमत भी करीब 54 प्रतिशत बढ़कर 142 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई है।



कोल इंडिया का कहना है कि अगर वह इन बढ़ी हुई कीमतों का बोझ ग्राहकों पर डालती है, तो इससे बिजली और अन्य क्षेत्रों में महंगाई बढ़ सकती है। कंपनी अपनी खदानों में काम करने वाले ठेकेदारों को भी डीजल की बढ़ी हुई कीमतों का मुआवजा दे रही है। लागत के दबाव के बावजूद, कोल इंडिया ने कोयले की आपूर्ति को सस्ता रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। कंपनी ने ई-नीलामी में कोयले की आरक्षित कीमतों को कम किया है और नीलामी की संख्या बढ़ा दी है। इसका उद्देश्य आम नागरिकों को किफायती दरों पर ईंधन उपलब्ध कराना और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करना है।

### पश्चिम एशिया युद्ध ऊर्जा सुधारों का बड़ा अवसर

एक्सिस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री की सलाहकार परिषद के सदस्य नीलकंठ मिश्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के लिए ऊर्जा क्षेत्र में सुधार करने का एक अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि भारत में घरों और किसानों के लिए बिजली दुनिया में सबसे सस्ती है, लेकिन उद्योगों और व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए यह सबसे महंगी है। मिश्रा के अनुसार, भविष्य के विकास के लिए ऊर्जा का सही दाम तय करना और उसका सावधानी से इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है। उन्होंने सरकार को सुझाव दिया कि उद्योगों को सस्ती बिजली मिलनी चाहिए।

### रियल एस्टेट कंपनियों के लिए राहत, दिवालिया प्रक्रिया अब सिर्फ प्रोजेक्ट तक ही सीमित

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायाधिकरण ने स्पष्ट किया है कि अगर घर खरीदार किसी रियल एस्टेट कंपनी के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करते हैं, तो यह केवल उसी खास प्रोजेक्ट तक सीमित रहेगी जिसमें चूक हुई है। इसे कंपनी के अन्य प्रोजेक्ट्स पर लागू नहीं किया जा सकता। नवीन एम रहेजा की अपील पर सुनवाई करते हुए बेंच ने कहा कि उन प्रोजेक्ट्स को खतरे में डालना ठीक नहीं है जिनका इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। यह फैसला अन्य खरीदारों और हितधारकों के हित में है।

# पंजाब को राहत, अनाज उठान पर केंद्र सहमत
## 155 लाख टन अनाज उठाने के लिए चलेंगी विशेष ट्रेनें



**नई दिल्ली।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र राज्य में लगभग 155 लाख टन गेहूं और चावल उठाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाने पर सहमत हो गया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और रबी विपणन सत्र से पहले भंडारण की समस्या कम होगी। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी के बीच शुक्रवार को दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय बैठक के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

केंद्र सरकार पंजाब के गोदामों में जमा लगभग 155 लाख टन गेहूं और चावल को बाहर निकालने के लिए विशेष मालगाड़ियां चलाने पर सहमत हो गई है। इस फैसले से राज्य में रबी विपणन सत्र के दौरान भंडारण की गंभीर समस्या का समाधान होने की उम्मीद है।

उन्होंने मांग की कि इसे बढ़ाकर कम से कम 12 लाख टन हर महीने किया जाना चाहिए। मान ने ग्रामीण विकास कोष (आरडीएफ) के तहत लंबित 9,000 करोड़ रुपये का मुद्दा भी उठाया। मुख्यमंत्री के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया है कि इस मामले को सुलझाने के लिए जल्द ही सचिव स्तर की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब से नकद ऋण पर केंद्र के मुकाबले ज्यादा ब्याज लिया जा रहा है और इसे एक जैसा करने की मांग की। इस अंतर की वजह से राज्य को नुकसान होता है।

मुख्यमंत्री ने केंद्र से हाल ही में हुई ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का आकलन करने और किसानों को मुआवजा देने के लिए एक टीम भेजने की भी मांग की। उन्होंने आढ़तियों के कमीशन का मुद्दा भी उठाया और उम्मीद जताई कि गेहूं और धान के लिए इसे लगभग 4.75 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया जाएगा। एक सरकारी बयानके अनुसार मान ने कहा कि केंद्र ने उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक जवाब दिया है और किसानों के हितों की रक्षा करने और राज्य में मंडियों को ठीक से चलाने के लिए जरूरी कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### केंद्र से मुलाकात में मान ने उठाया भंडारण संकट का मुद्दा

दिल्ली में केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस फैसले से गोदामों में जगह बनाने और चालू सत्र के दौरान गेहूं की आसानी से खरीद सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब भंडारण जगह की भारी कमी का सामना कर रहा है क्योंकि इसके ज्यादातर छत वाले गोदाम पहले से ही भरे हुए हैं, जबकि मौजूदा रबी सत्र के दौरान लगभग 130-132 लाख टन गेहूं की खरीद की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य केंद्र से अनाज की आवाजाही में तेजी लाने का आग्रह कर रहा है, क्योंकि मौजूदा उठाव लगभग पांच लाख टन प्रति माह है, जो काफी नहीं है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच भी भारत में ईंधन सप्लाई सुरक्षित



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, लेकिन भारत सरकार ने देश में ईंधन की आपूर्ति को स्थिर बनाए रखा है। पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने, निर्यात पर लेवी बढ़ाने और रिफाइनरियों की क्षमता बढ़ाने जैसे फैसलों से घरेलू कीमतों को बढ़ने से रोका गया है। साथ ही, समुद्र में फंसे भारतीय नाविकों को सुरक्षित निकालने के प्रयास भी जारी हैं।

दुनिया भर में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और पश्चिम एशिया में जारी अस्थाई संकट के बीच भारत सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत दी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

### एक्साइज कटौती से जनता को राहत

फुल स्पीड में रिफाइनरियां, स्टॉक भी पर्याप्त- सरकार मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। सरकार के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल का भंडार भी इतना है कि बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में असामान्य उछाल के बावजूद सरकार ने घरेलू बाजार में तेल की कीमतों को स्थिर रखा है। आम जनता को राहत देने के लिए कर में कटौती! अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल महंगा होने का असर सीधे जनता की जेब पर न पड़े, इसके लिए भारत सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली उत्पाद शुल्क यानी कि एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है। इसके अलावा, घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्यात पर सख्ती बढ़ा दी गई है।

### रसोई गैस और केरोसिन पर खास ध्यान

सरकार के मुताबिक, आम घरों की जरूरतों को देखते हुए रिफाइनरियों से एलपीजी का उत्पादन बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित कोटे से अलग 48,000 किलोलीटर केरोसिन का अतिरिक्त आवंटन किया गया है। दवा, खाद्य वितरण और रसायन जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों को भी रोजाना 800 मीट्रिक टन सी3 और सी4 स्ट्रीम की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### समुद्र में सुरक्षित हैं भारतीय नाविक

शिपिंग मंत्रालय ने भी बड़ी अपडेट दी है। पश्चिम एशिया के तनावपूर्ण इलाके में मौजूद सभी भारतीय नाविक पूरी तरह सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय जहाज के साथ कोई अनहोनी नहीं हुई है। शिपिंग नियंत्रण कक्ष 24 घंटे काम कर रहा है और अब तक 2,084 भारतीय नाविकों को सुरक्षित घर वापस लाया जा चुका है। भारत के सभी बंदरगाहों पर कामकाज सामान्य है और कहीं भी माल की आवाजाही में रुकावट नहीं है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों के कुछ वास्तव में 'विचित्र रस्मों-रिवाज' हैं। जैसे की, अपनी परीक्षा पूरी करने वाले छात्रों पर अंडे और पास्ता सॉस फेंकना।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों ने 158 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीते हैं!
- क्या आप जानते हैं? ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश प्रधानमंत्री शिक्षित किए हैं।

## राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि मनोनुकूल लाभ देंगे।

**वृष :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**मिथुन :** बुद्धि का प्रयोग करें। चिंता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क :** धनहानि हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट हो सकता है। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद से क्लेश हो सकता है।

**सिंह :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में अटके काम पूरे हो सकते हैं।

**कन्या :** शत्रु पस्त होंगे। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे।

**तुला :** परिवार के एकाधिक सदस्यों की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृश्चिक :** पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं गुम हो सकती हैं, संभालकर रखें। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु :** किसी अनहोनी के होने की चिंता रहेगी। स्वास्?थ्य पर खर्च हो सकता है। पुराने किए गए प्रयासों का फल अब मिल सकता है।

**मकर :** घर में वृ?द्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। ने?त्र पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन :** राज्य की तरफ से दिक्कत हो सकती है। विवाद करने व जल्दबाजी से बचें। नेत्र पीड़ा हो सकती है। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

## चुटकुले

टीचर : बताओ, सबसे ज्यादा नशा किस चीज में होता है?
स्टूडेंट : किताबों में खोलते ही नींद आ जाती है!

बीवी : सुनो जी, अगर मैं मर जाऊं तो आप क्या करोगे?
पति : मैं भी मर जाऊंगा!
बीवी : क्यों?
पति : इतनी खुशी बर्दाश्त नहीं होगी

डॉक्टर : आपको क्या दिक्कत है?
मरीज : नींद नहीं आती
डॉक्टर : मोबाइल कम चलाया करो
मरीज : डॉक्टर साहब, यही तो नींद का एकमात्र उपाय है

लड़की : मैं तुमसे शादी नहीं कर सकती
लड़का : क्यों?
लड़की : मम्मी नहीं मानेंगी
लड़का : अच्छा, कोई बात नहीं मैं दूसरी ढूंढ लेता हूं

पति : तुम मुझे कितना प्यार करती हो?
पत्नी : जितना आप सोच भी नहीं सकते
पति : मतलब?
पत्नी : मतलब उससे भी कम

पुलिस : तुमने चोरी क्यों की?
चोर : साहब, मजबूरी थी
पुलिस : कौन सी मजबूरी?
चोर : घर में WiFi नहीं था

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 13 04 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन



दिनेश हिंगू (अभिनेता)



आचार्य शिव कुमार (वास्तुशास्त्री)



हर्षिता सागर



गिरिजा धींगड़ा



शोनिया बंसल



गुरप्रीत कौर ढिल्लोन



आकृष्ट सिंह



शिवकुमार यादव



सुबोध गुप्ता



अशोक गोयल



बृजमोहन खोसला



कैलाश यादव



जसवीर नागर



सूरज वर्मा



देव धामा



देवेंद्र रावत



मोनू सिंह



प्रिंस भाटी



सौरव भाटी



अमन शर्मा



मनोज तिवारी



अशोक मिश्रा



संजीव कुमार सिंह



अमन शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# बायर्न म्यूनिख ने 54 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

## एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने वाली टीम बनी

**बर्लिन।** जमाल मुसियाला ने नौवें मिनट में हेडर से गोल करके फ्रैंज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर की मौजूदगी वाली बायर्न की 1971-72 की टीम के 101 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। गोरेत्जका ने 53वें मिनट में वॉली से गोल करके रिकॉर्ड तोड़ दिया।



बायर्न ने इस मैच में सेंट पाउली को उसके घरेलू मैदान पर 5-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से बायर्न ने रियाल मैड्रिड के खिलाफ होने वाले चैंपियंस लीग मैच के लिए अपनी तैयारी का पुख्ता सबूत भी पेश किया और बोरुसिया डॉर्टमुंड पर 12 अंकों की बढ़त बनाकर बुंडेसलिगा में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। प्रतियोगिता में अभी पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

जमाल मुसियाला ने नौवें मिनट में हेडर से गोल करके फ्रैंज बेकेनबॉयर और गेर्ड मुलर की मौजूदगी वाली बायर्न की 1971-72 की टीम के 101 गोल के रिकॉर्ड की बराबरी की। गोरेत्जका ने 53वें मिनट में वॉली से गोल करके रिकॉर्ड तोड़ दिया। इसके ठीक एक मिनट बाद माइकल ओलिस ने गोल संख्या को 103 तक पहुंचाया। निकोलस जैक्सन ने बायर्न के लिए चौथा गोल दागा और राफेल गुएरेइरो ने इस सत्र में उसकी गोल संख्या 105 कर दी। बायर्न 29 मैच में 76 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है। डॉर्टमुंड 29 मैच में 64 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

# सैमसन ने तूफानी शतक से दिल्ली के खिलाफ बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**चेन्नई।** संजू सैमसन ने 56 गेंदों में 115 रन की तूफानी पारी खेलकर सीएसके के लिए 14 साल बाद दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक जड़ा। उनकी इस पारी की बदौलत चेन्नई ने 212 रन बनाए और मुकाबले में मजबूत स्थिति हासिल की।

### सैमसन ने जड़ा आईपीएल का चौथा शतक

संजू सैमसन ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए मात्र 56 गेंदों में 115 रन बनाए। उनकी इस पारी में 15 चौके और चार छक्के शामिल रहे। उन्होंने 205 के धमाकेदार स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और दिल्ली के गेंदबाजों को पूरी तरह बेअसर कर दिया। यह उनके आईपीएल करियर का चौथा शतक रहा, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में यह उनका पहला शतक है।

### दिल्ली के खिलाफ

## 14 साल का सूखा खत्म हुआ



### सीएसके का दूसरा सैकड़ा

इस शतक के साथ सैमसन ने एक खास उपलब्धि भी अपने नाम कर ली। वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सीएसके की ओर से शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा मुरली विजय ने साल 2012 में किया था। यानी पूरे 14 साल बाद सीएसके के किसी बल्लेबाज ने डीसी के खिलाफ शतक लगाया है। इसके अलावा सैमसन ने एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह केएल राहुल के बाद आईपीएल इतिहास के दूसरे ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए शतक जड़ा है। सैमसन इससे पहले राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) के लिए भी शतक लगा चुके हैं।

### दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी

मैच के दौरान सैमसन ने दूसरे विकेट के लिए आयुष म्हात्रे के साथ मिलकर 113 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। यह सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मुकाबलों में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इस साझेदारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

### दिल्ली के खिलाफ चेन्नई ने 212 रन बनाए

अगर टीम के कुल स्कोर की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 212 रन बनाए। यह स्कोर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल में सीएसके का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। सैमसन के अलावा आयुष म्हात्रे ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 36 गेंदों में 59 रन बनाए, हालांकि वह रिटायर्ड आउट हो गए। वहीं, पारी के अंत में शिवम दुबे ने तेजतर्रार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 10 गेंदों में 20 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाजी इस मैच में काफी फीकी नजर आई। टीम की ओर से एकमात्र विकेट अक्षर पटेल ने लिया, जबकि बाकी गेंदबाज सैमसन और अन्य बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में पूरी तरह नाकाम रहे। इस तरह सैमसन की यादगार पारी की बदौलत चेन्नई सुपर किंग्स ने एक मजबूत स्कोर खड़ा किया और मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

## सविता की वापसी से भारत को मिली मजबूती



**ब्यूनस आयर्स।** यह दौरा भारत के लिए एफआईएच नेशंस कप, बेल्जियम और नीदरलैंड में इस साल होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप और एशियाई खेलों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है। स्टार गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया अर्जेंटीना के खिलाफ सोमवार से यहां शुरू होने वाली चार मैचों की श्रृंखला से 10 महीने बाद राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम में वापसी करेंगी, लेकिन कप्तान सलीमा टेटे अस्वस्थ होने के कारण नहीं खेल पाएंगी। सविता निजी कारणों से खेल से विश्राम लेने के कारण जून 2025 के बाद से किसी प्रतियोगिता में नहीं खेली है जबकि मिडफील्डर सलीमा अभी 'चिकन पॉक्स' से उबर रही हैं।

# आईपीएल करियर की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले हैं 17 गेंदबाज

**नई दिल्ली।** आईपीएल के इतिहास में कई ऐसे गेंदबाज रहे हैं जिन्होंने अपने आईपीएल करियर की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर शानदार शुरूआत की। इस लिस्ट में कुल 17 गेंदबाज शामिल हैं, जिनमें कुछ बड़े नाम हैं तो कई ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्हें फैंस शायद अब भूल चुके हैं। यह आंकड़ा आईपीएल के रोमांच और अनिश्चितता को भी दशार्ता है।



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने करियर की पहली गेंद पर विकेट हासिल करने वाले 17वें खिलाड़ी बन गए हैं। छह फुट तीन इंच लंबे इस गेंदबाज ने शनिवार को आईपीएल 2026 के 18वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल को अपना शिकार बनाया। इस लिस्ट में अन्य 16 खिलोड़ियों में से काफी गेंदबाजों के नाम आप भूल भी चुके होंगे। वहीं, कुछ नाम चौंकाने वाले भी हैं।

27 वर्षीय गुरजपनीत सिंह को चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने दिल्ली कैपिटल्स की पारी के सातवें ओवर में गेंद थमाई। उन्होंने अपने आईपीएल करियर की पहली ही गेंद पर अक्षर पटेल को सरफराज खान के हाथों कैच आउट कराया। सरफराज खान ने बैकवर्ड प्वाइंट पर हवा में उछलकर शानदार कैच लपका, जिसके बाद गेंद को हाथ में लेकर लंबी दौड़ लगा दी। उस समय सीएसके के खेमे में शानदार जश्न का माहौल देखने को मिला। इसी के साथ गुरजपनीत सिंह आईपीएल करियर की पहली गेंद पर विकेट हासिल करने वाले 17वें खिलाड़ी बने।

गुरजपनीत सिंह से पहले आईपीएल करियर की पहली गेंद पर सफलता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में ईशांत शर्मा (2008, कोलकाता नाइट राइडर्स), विल्किन मोटा (2008, किंग्स 11 पंजाब), एस विद्युत (2008, चेन्नई सुपर किंग्स), रवि तेजा (2008, डेक्कन चार्जर्स), शेन हारवुड (2009, राजस्थान रॉयल्स), अमित सिंह (2009, राजस्थान रॉयल्स), चार्ल लैंगवेल्ट (2009, कोलकाता नाइट राइडर्स), केविन पीटरसन (2009, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), अली मुर्तजा (2010, मुंबई इंडियंस), टीपी सुधींद्र (2012, डेक्कन चार्जर्स), एडम गिलक्रिस्ट (2013, किंग्स 11 पंजाब), हनुमा विहारी (2013, सनराइजर्स हैदराबाद), अल्जारी जोसेफ (2019, मुंबई इंडियंस), डेवाल्ड ब्रेविस (2022, मुंबई इंडियंस), मथीशा पथिराना (2022, चेन्नई सुपर किंग्स) और अश्विनी कुमार (2025, मुंबई इंडियंस) शामिल हैं। इस लिस्ट में गिलक्रिस्ट, ब्रेविस और पीटरसन के नाम चौंकाने वाले हैं, क्योंकि ये रेगुलर गेंदबाज नहीं हैं। विकेटकीपर गिलक्रिस्ट ने तो आईपीएल करियर में बस एक ही गेंद डाली और उसमें भी विकेट लिया और खास रिकॉर्ड बनाया।

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2025 के लिए गुरजपनीत सिंह पर 2.2 करोड़ रुपए खर्च किए थे, लेकिन चोट के कारण वह उस सीजन खेल नहीं सके। इंडिया-ए के लिए खेलने के बाद उन्होंने आईपीएल 2026 में मैदान पर वापसी की है। गुरजपनीत सिंह फर्स्ट क्लास करियर में नौ मुकाबले खेले हैं, जिसमें 22.06 की औसत के साथ 33 विकेट हासिल किए, जबकि नौ लिस्ट-ए मुकाबलों में उन्होंने 20.41 की औसत से 17 विकेट निकाले हैं।

# 10 साल के आरित कपिल का कीर्तिमान, अंतरराष्ट्रीय मास्टर नार्म हासिल करने वाले युवा भारतीय बने

**नई दिल्ली।** आरित कपिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल कर लिया है। आरित की उम्र 10 साल की है और वह ऐसा करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।



दिल्ली के 10 वर्षीय आरित कपिल ने कम उम्र में ही बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। आरित स्पेन के मेनोरका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दौर में ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल असाका के साथ ड्रॉ खेलकर अंतरराष्ट्रीय मास्टर (आईएम) नॉर्म हासिल करने वाले भारत के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने महज 10 वर्ष सात महीने की उम्र में इस उपलब्धि को हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया।

### यादगार रहा आरित का प्रदर्शन

आरित ने प्रतियोगिता की शुरूआत शानदार तरीके से करते हुए दूसरे दौर में कजाखस्तान के पूर्व विश्व अंडर-20 चैंपियन और ग्रैंडमास्टर नोगरबेक काजीबेक को हराया। दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए पिछले साल अंडर-11 राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतना उनके करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। वह वर्तमान में 2015 में जन्मे खिलाड़ियों की विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर हैं। इस प्रतियोगिता में आरित का सबसे यादगार प्रदर्शन अर्जेंटीना के 12 वर्षीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर ओरो फॉस्टिनो के खिलाफ रहा, जिन्हें शतरंज की दुनिया का मेसी कहा जाता है। इस मुकाबले में आरित ने संयम दिखाते हुए ड्रॉ हासिल किया और वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया।

आरित को अंतिम तीन मुकाबलों में केवल आधा अंक चाहिए था, लेकिन लगातार दो हार के बाद उनका पहला आईएम नॉर्म हासिल करने का सपना मुश्किल में पड़ता नजर आया। उन्होंने हालांकि अंतिम दौर में खुद को संभाला और तेजी से सही चालें चलते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

# 'चेपॉक में शतक बनाना खास', मैदान नहीं छोड़ना चाहता था : सैमसन

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन का कहना है कि दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेपॉक में शतक लगाना उनके लिए काफी खास है। सैमसन इसी सीजन चेन्नई फ्रेंचाइजी से जुड़े हैं।



चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने शनिवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाया। यह आईपीएल 2026 का पहला शतक था, वहीं सैमसन के आईपीएल करियर का चौथा शतक था। हालांकि, सैमसन ने इस शतक को बेहद खास बताया है। सैमसन ने कहा कि यह शतक फ्रेंचाइजी द्वारा उन पर दिखाए गए भरोसे को चुकाने की इच्छा से प्रेरित था।

आईपीएल द्वारा एक्स पर जारी एक वीडियो में सैमसन ने कहा, मैंने इस प्रारूप में कुछ शतक बनाए हैं, लेकिन यह थोड़ा खास लग रहा है। चेपॉक में घरेलू दर्शकों के सामने शतक बनाना खास है। मेरी शुरूआत ठीक नहीं थी, लेकिन एक बार जब मुझे लगा कि मैं जम गया हूं और सब कुछ ठीक लग रहा है तो मैं मैदान नहीं छोड़ना चाहता था और बस जितना हो सके उतना योगदान देना चाहता था।

ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि मैं बहुत ज्यादा शांत था। एक बहुत अच्छे विश्व कप से बाहर आने से निश्चित रूप से मदद मिलती है। खुद को साबित करने का कोई मतलब नहीं था, लेकिन निश्चित रूप से फ्रेंचाइजी को कुछ वापस देने का एक प्वाइंट था।

### सीएसके के भरोसे पर खरा उतरना चाहते थे सैमसन

सैमसन ने उस जिम्मेदारी पर भी जोर दिया जो उन्होंने तब महसूस की जब फ्रेंचाइजी ने अपने स्टार खिलाड़ी रवींद्र जडेजा और सैम करन को बाहर करके उन्हें लाने का ऐतिहासिक कदम उठाया। उन्होंने कहा, सीएसके ने मुझ पर भरोसा जताया है। उन्होंने आईपीएल के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा ट्रेड किया है। इसलिए मुझे लगा, ठीक है, संजू, तुम्हें अपना हाथ ऊपर उठाकर कहना होगा कि मैं तुम लोगों के लिए एक गेम जीतने जा रहा हूं। ये वही अहसास था। सैमसन सीजन के शुरूआती तीन मैचों में फ्लॉप रहे और कुल 22 रन बना सके। इस पर उन्होंने कहा, सच कहूं तो तीन नाकामियों के बाद निश्चित रूप से बहुत सारे शक आते हैं। मैं अपने करियर में बहुत नाकाम रहा हूं और मुझे मुश्किलें भी आईं, इसलिए मुझे पता था कि वापसी कैसे करनी है। मैंने बस टिकने के लिए अपना समय लिया और फिर पावरप्ले के बाद मुझे पता था कि कैसे तेजी लानी है।

# मैच के दौरान क्या नहीं पहन या रख सकते खिलाड़ी

## किन चीजों पर है पाबंदी ? नियमों के उल्लंघन पर लग सकता है बैन

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स टीम के मैनेजर रोमी भिंडर के डगआउट फोन विवाद ने एक बार फिर पीएमओए प्रोटोकॉल को चर्चा में ला दिया है। यह नियम खिलाड़ियों और स्टाफ को किसी भी तरह के बाहरी संपर्क से दूर रखने के लिए बनाया गया है। मोबाइल फोन, स्मार्ट वियरेबल्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर सख्त पाबंदी इसी का हिस्सा है। इस घटना ने साफ कर दिया कि आईपीएल में नियमों का पालन बेहद जरूरी है, क्योंकि छोटी सी गलती भी बड़े सवाल खड़े कर सकती है।



आईपीएल 2026 में हाल ही में राजस्थान रॉयल्स के टीम मैनेजर रोमी भिंडर से जुड़ा विवाद सुर्खियों में है। डगआउट में उनके मोबाइल फोन इस्तेमाल करने का वीडियो सामने आने के बाद यह सवाल तेज हो गया कि आखिर मैच के दौरान क्या-क्या चीजें इस्तेमाल या पहनना मना होता है। यहीं से चर्चा शुरू होती है पीएमओए (प्लेयर्स एंड मैच ऑफिशियल्स एरिया) प्रोटोकॉल की, जो आईपीएल में खेल की निष्पक्षता बनाए रखने का सबसे अहम नियम माना जाता है। अगर इन नियमों का उल्लंघन हुआ तो स्टाफ या खिलाड़ी पर प्रतिबंध भी लग सकता है। एंटी करप्शन यूनिट तुरंत इस पर कार्रवाई कर सकता है।

### पीएमओए प्रोटोकॉल क्या है?

पीएमओए यानी प्लेयर्स एंड मैच ऑफिशियल्स एरिया, वह क्षेत्र होता है जहां खिलाड़ी, कोच, सपोर्ट स्टाफ और मैच अधिकारी मौजूद रहते हैं। इसमें ड्रेसिंग रूम, डगआउट और मैदान का कुछ हिस्सा शामिल होता है। इस एरिया में सख्त नियम लागू होते हैं, खासकर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और कम्युनिकेशन को लेकर। आसान भाषा में कह सकते हैं कि यह नियम सुनिश्चित करता है कि मैदान के अंदर कोई भी बाहरी संपर्क या संदिग्ध गतिविधि न हो।

यह सबसे संवेदनशील कैटेगरी मानी जाती है। अगर किसी कपड़े या एक्सेसरी में छिपा डिवाइस हो, तो उसे पकड़ना मुश्किल हो सकता है और यही एंटी-करप्शन के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इनका इस्तेमाल सिर्फ अधिकृत स्टाफ ही सीमित परिस्थितियों में कर सकता है। आम खिलाड़ियों या स्टाफ के लिए यह पूरी तरह प्रतिबंधित रहता है।

### मैच के दौरान क्या पहनना या इस्तेमाल करना मना है

आईपीएल में मैच के दौरान खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ पर सिर्फ खेल का ही नहीं, बल्कि डिवाइस और पहनावे को लेकर भी सख्त नजर रखी जाती है। नियम साफ कहते हैं, मैदान और डगआउट में ऐसी कोई भी चीज नहीं होनी चाहिए, जिससे बाहर संपर्क किया जा सके। डगआउट में इनका इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित होता है। यही वजह है कि रोमी भिंडर का मामला इतना बड़ा बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह मैच के दौरान जेब से फोन निकालकर इस्तेमाल करते दिखे और यहीं से विवाद शुरू हो गया। ललित मोदी ने भी आपत्ती जताई। नियम साफ है– फोन साथ रख सकते हैं, लेकिन डगआउट में उसे इस्तेमाल नहीं कर सकते। हार्दिक पांड्या भारत के मैचों के दौरान घड़ी पहने दिखते हैं, लेकिन वह एक सिंपल वॉच होता है, स्मार्टवॉच नहीं।

# फाइनल में शी यूकी से हारे आयुष शेट्टी, रजत पदक से करना पड़ा संतोष, पर रचा इतिहास

**निंगबो (चीन)।** आयुष ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। हालांकि फाइनल में वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। फाइनल मुकाबला 42 मिनट तक चला और आयुष को शिकस्त मिली। हालांकि, वह बैडमिंटन में भारत की नई सनसनी बनकर उभरे हैं।



भारत के 20 साल के युवा शटलर आयुष शेट्टी को बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा है। रविवार को खेले गए फाइनल में उन्हें चीन के शी यूकी ने लगातार गेमों में 21-8, 21-10 से हरा दिया। यह मुकाबला 42 मिनट तक चला। हालांकि, हार के बावजूद आयुष ने इतिहास रच दिया।

### आयुष बैडमिंटन में नई सनसनी

आयुष बैडमिंटन में भारत की नई सनसनी बनकर उभरे हैं। वह पिछले 59 साल में इस टूनार्मेंट के एकल फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय और ओवरऑल इतिहास में दूसरे भारतीय बने थे। 1965 में दिनेश खन्ना ने स्वर्ण पदक जीता था। आयुष इतिहास तो नहीं दोहरा सके, लेकिन रजत पदक जरूर दिलाया। वह पिछले 59 साल में इस टूनार्मेंट के पुरुष एकल में कोई पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय भी हैं। 2018 में एचएस प्रणय ने भारत के लिए कांस्य पदक जीता था। भारत के लिए इस टूनार्मेंट में पिछला पदक 2023 में आया था, जब सात्विक और चिराग ने पुरुष युगल का खिताब जीता था।

### शानदार फॉर्म में हैं आयुष

वर्ल्ड नंबर-25 आयुष का फाइनल में पहुंचना महज संयोग नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का नतीजा है। उन्होंने क्वार्टरफाइनल में वर्ल्ड नंबर-चार जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था। इसके अलावा उन्होंने चीनी ताइपे के चिन यू जेन और चीन के ली शी फेंग जैसे मजबूत खिलाड़ियों को भी मात दी। सेमीफाइनल में आयुष ने वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत वितिदसरन को 10-21, 21-19, 21-17 से हराया था। यह मुकाबला 75 मिनट तक चला और इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बावजूद दबाव में शानदार खेल दिखाया था।

# अंपायर से बहस करना नीतीश को पड़ा भारी, ऋतुराज पर जुर्माना क्यों

**चेन्नई।** मैच के बाद दो अलग-अलग कारणों से नीतीश राणा और ऋतुराज गायकवाड़ पर जुमार्ना लगाया गया। राणा को अंपायर से बहस और अनुचित भाषा के इस्तेमाल के लिए सजा मिली, जबकि गायकवाड़ स्लो ओवर रेट के चलते दंडित हुए। यह घटना दिखाती है कि आईपीएल में अनुशासन और नियमों का पालन कितना जरूरी है।

आईपीएल 2026 में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद दो बड़े नामों पर कार्रवाई हुई है। दिल्ली कैपिटल्स के नीतीश राणा और सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़, दोनों को अलग-अलग मामलों में जुमार्ना झेलना पड़ा।

## IPL नियम तोड़ने पर होगी दोहरी कार्रवाई





### अंपायर से बहस पर राणा पर कार्रवाई

मैच के दौरान सबसे बड़ा विवाद दिल्ली की पारी के 19वें ओवर में देखने को मिला, जब बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने पसीने के कारण अपने ग्लव्स बदलने की अनुमति मांगी। चेन्नई की उमस भरी गर्मी में यह एक सामान्य मांग थी, लेकिन चौथे अंपायर ने इसे ठुकरा दिया। इसके बाद माहौल गर्म हो गया और स्टब्स के आउट होते ही नीतीश राणा अंपायर से भिड़ गए। इस व्यवहार को आईपीएल ने आचार संहिता का उल्लंघन माना। आईपीएल के बयान के मुताबिक, 'नीतीश राणा पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।' आगे कहा गया, 'राणा ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है।' हालांकि राणा ने अपनी गलती स्वीकार कर ली और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया।

दूसरी ओर, चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी कार्रवाई से नहीं बच सके। उनकी टीम निर्धारित समय में ओवर पूरे नहीं कर पाई, जिसके चलते उन्हें 12 लाख रुपये का जुमार्ना भरना पड़ा। आईपीएल के मुताबिक, 'यह सीजन में टीम की पहली गलती थी, इसलिए गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया।' स्लो ओवर रेट आईपीएल में एक गंभीर मुद्दा माना जाता है और बार-बार गलती होने पर सजा और भी कड़ी हो सकती है।

### मैच का नतीजा और आगे की राह

इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 रन से जीत दर्ज की। यह उनकी इस सीजन की पहली जीत रही। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिससे टीम पर दबाव बढ़ गया है। अब चेन्नई की टीम का अगला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा, जहां वे अपनी जीत की लय बरकरार रखना चाहेंगे।




# थर्मोकूल के सीएमडी राजीव गुप्ता ने वालीबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

## थर्मोकूल सीएमडी ने कहा, पूरी महनत और ईमानदारी से खेलें, जो खेलेगा वो खिलेगा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाटी वालीबॉल क्लब की ओर से, संजय नगर ग्रीन फिल्ड के मैदान में दूतिय वालीबॉल टूर्नामेंट आयोजित किया गया। दो दिवसीय डे - नाईट इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों जिनमें मुख्यतः हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से आयी पैंतीस वालीबॉल टीमों के लगभग 250 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

12 अप्रैल को इस टूर्नामेंट के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में थर्मोकूल होम एप्लांयसेज लिमिटेड के सीएमडी राजीव कुमार गुप्ता उपस्थित रहें। इस अवसर पर थर्मोकूल सीएमडी ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल जगत में आप सभी इस देश का भविष्य हैं। हमेशा महनत, ईमानदारी और समर्पण भावना के साथ खेल को खेलें, और एक दिन देश का गौरव बढाते हुए, देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें। राजीव कुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, आप खेलेंगे तो खिलेंगे इसलिए कभी हार नहीं माने और हमेशा अपना मनोबल ऊंचा रखें। इसके साथ ही सफल टूर्नामेंट के लिए राजीव गुप्ता ने टूर्नामेंट के आयोजक नितिन भाटी, सूरज चौरसिया, अमित चौधरी को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए विजेता टीमों के सभी खिलाड़ियों को थर्मोकूल स्मार्ट एलईडी टीवी, इंडक्शन चूल्हा, कूकर, जूसर मिक्सर ग्राईन्डर और आयरन आदि भेंट कर प्रोत्साहित किया। अंत में आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मान प्रतीक चिह्न भेंट किया गया।

# प्रतिभाओं का सम्मान समाज को नई दिशा देता है : बृजेश पाठक






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गोमती नगर स्थित उर्दू अकादमी ऑडिटोरियम में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान करना समय की आवश्यकता है।

इससे न केवल प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ता है, बल्कि समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है जो अपने क्षेत्र में अच्छा कार्य कर समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दे रहा है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की ऊर्जा देते हैं। कार्यक्रम पंडित आरडी शर्मा के सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें 251 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, महिला आयोग सदस्य डॉ प्रियंका मौर्य, कमिश्नर सीआईडी डॉ अखिलेश निगम आईपीएस, पंडित आदेश फौजी, अधिवक्ता गौरव तिवारी, कवियत्री वंदना, रूचि, छाया, डॉ रीना शर्मा, डॉ रेनू शरण, माधुरी शर्मा, ममता, आशा त्रिपाठी, डॉ राधा बिष्ट, खुर्शीद अहमद, सुषमा भारती सिंह, मोहित सूद, राजकुमार चढ़ा, रामानंद, प्रियांशु सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




## नामित को निर्वाचित ने बताया, विकास हो गया है मेरे भाई होल्ड

नामित पार्षदों की शपथ के साथ तो खेला हो गया। उन्हें लगा था कि टैन्ट लगेगा, मजमा जुटेगा और तब वो शपथ लेंगे। मगर बड़ी खामोशी से कमरे में जश्न सिमट गया। सुना तो ये भी है कि पहले दिन ही एडवाईज दे दी गयी थी कि अगर कॉरडिनेशन रखोगे तो ही चल पाओगे, वरना जो इलैक्शन जीतकर आये हैं हम तो उनी नहीं सुनते। अब धीरे धीरे नामित कृपा से नवाजे गये चेहरे विकास की राह पर चले हैं। अब उन्हें क्या पता कि यहां तो उनका विकास होल्ड हुआ पड़ा है जो बोल्ड तरीके से जीतकर आये हैं। सितम तो ये है कि विकास पर क्रॉस लगा भी उनके वार्ड में है जो केसरिया कहलाते हैं। नामित वाले ने जब विकास का कोटा पूछा तो निर्वाचित वाले ने ठहाका लगाया। उसने कहा कि हमें छोड़ो और एक बार जरा डिप्टी साहब से पूछ लेना, वो बता देंगे विकास का सूत्र।

## जिला पंचायत के बाजार में हाथी खड़ा है किस इंतजार में

कहावत ये है कि जिंदा हाथी लाख का और मरा हाथी सवा लाख का। लिहाजा महावतों को लग रहा है कि अभी भी मरे हाथी के कोई रेट लगा देगा। लेकिन वो सियासत की एक कहावत से अंजान हैं। वो कहावत ये है कि बंद मुटठी लाख की और खुल गयी तो खाक की। जब से उन्होंने विधानसभा में शुक्ला जी और नगर निगम में गर्ग साहब का हाल देखा है तब से अब कोई हाथी को अपना चुनावी साथी बनाने को तैया नही है। वहीं नीले महावत हैं कि अभी भी बाजार में तलाश कर रहे हैं कि कोई ऐसा मिल जाये जो दाम ढीले कर दे। अब कौन समझाये कि वो पहली मौज थी जब पांच हाथी आये थे, इनमें से तीन हाथी गोवा वाले बीच पर बीयर पी रहे थे और दो हाथी जिम कॉरबेट में थे। सुना है कि हाथी बाजर में खड़ा है और खरीददार नहीं मिल रहे।

## क्या गुजर जायेगा ऐसे ही कार्यकाल या होगा निगम के वार्डों में उपचुनाव

निगम का सदन सौ वार्ड का है यानी सौ पार्षद इस सदन में हैं। लेकिन कैलकुलेशन बता रही है कि इलैक्शन की जरूरत पड़ेगी। सदन में सौ पार्षद नहीं हैं। फफूंदी वाले लड्डू जिन्हें मिले थे वो जगत सिंह अब इस जगत को अलविदा कह चुके हैं। एक पार्षद इस्तीफा दे चुके हैं, ये अलग बात है कि वो अभी भी कभी सड़क का निरीक्षण कर रहे हैं तो कभी सीवर देखने जा रहे हैं। सवाल उन कृपा वंचित फूलों के बीच उठा है जो खुद को नामित मानकर चल रहे थे और उन पर कृपा नहीं हुई है। अब वो ये सवाल उठा रहे हैं कि चुनाव तो होना चाहिए। जब चौहान वाले वार्ड में हो सकता है तो फिर इन वार्डों में भी चुनाव कराया जाना चाहिए। यहां पर दबी जबान से एक आवाज ये भी उठी है कि जो ऑलरेडी चुनाव में हार गये हैं, प्लीज उन्हें टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। अब वो इंतजार कर रहे हैं कि उपचुनाव की घोषणा हो तो दावेदारी के लिए भागदौड़ करें।

## गाजियाबाद में अपनी अलग पहचान छोड़ गईं आईपीएस लिपि नगायच




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मसूरी सर्किल की आईपीएस अधिकारी एवं एसीपी लिपि नगायच का प्रमोशन के बाद वाराणसी तबादला होने पर मसूरी थाना प्रभारी अजय चौधरी एवं उनकी पूरी टीम ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान पुलिस टीम ने उनकी गाड़ी को दुल्हन की तरह सजाकर सम्मान और स्नेह का अनूठा उदाहरण पेश किया।

अपने कार्यकाल के दौरान आईपीएस लिपि नगायच ने गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता दिखाते हुए पुलिस टीम को लगातार दिशा-निर्देश दिए। उनके नेतृत्व में मसूरी, मुरादनगर और वेव सिटी क्षेत्रों में पुलिसिंग बेहतर और प्रभावी रही, जिससे आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ।

विदाई समारोह के दौरान उन्होंने पूरी पुलिस टीम और उच्च अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में उनका कार्यकाल सीखने और अनुभव हासिल करने वाला रहा, जिसमें सभी का सहयोग सराहनीय रहा। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आगे भी इसी तरह समर्पण के साथ कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।

पुलिस टीम ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आईपीएस लिपि नगायच का कार्यकाल गाजियाबाद में एक मिसाल के रूप में याद किया जाएगा।

## गायत्री परिवार का वार्षिक यज्ञ संपन्न



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इन्दिरा पुरम के शिप्रा रिवेयरा मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा दो दिवसीय वार्षिकोत्सव गायत्री पंचकुंडीय महायज्ञ सांस्कृतिक धार्मिक परंमपारिक रीति रिवाज मातृ शक्ति कीर्ति स्नेहा मनीषा द्वारा वेद मंत्रोच्चार भजनों के मध्य यज्ञ की पावन पुनीत अग्नि वायु जल शुद्धिकरण हवन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अजय ने आत्मसंयम, स्वयं आरोग्य, इन्द्रिय संयम, अर्थ संयम, विचार संयम, स्वच्छता, सज्जन शक्ति संगठन, स्वयं उत्कृष्ट एवं दूसरों को श्रेष्ठ बना नवयुग निर्मित करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में हेमंत वाजपेयी महासचिव ने सभी का स्वागत किया।

## ये है व्यपार मंडल की एकता की जीत : गोपीचंद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद इस मामले में धरने पर बैठे थे। उनकी निगम अधिकारियों से वार्ता हुई थी। ये एक इत्तेफाक रहा कि हाउस टैक्स मामले में उनके धरने के बाद ही समाधान हो गया। महानगर अध्यक्ष गोपीचंद ने कहा कि यह लड़ाई आम व्यापारी की लड़ाई थी। यह लड़ाई आम जनता की लड़ाई थी। हमारा व्यापार मंडल हमेशा से जनमुददों को लेकर और व्यापारी हित के मुददों को लेकर लड़ाई लड़ता है। हम टकराव नहीं बल्कि समाधान की राजनीति करते हैं। हमने पहले भी इस मामले को लेकर ज्ञापन दिया। जनप्रतिनिधियों से बात की। इसके बाद जब कई बार मेयर का भी बयान बदला तब हम धरने पर बैठे। हमारे पास निगम के अधिकारी आये थे और उन्होंने कहा था कि समस्या का समाधान होगा। आप धरना समाप्त करें। हमने उन्हें समय दिया था और उस समय से पहले ही हाउस टैक्स मामले पर फैसला आ गया। हम शासन के निर्णय की प्रशंसा करते हैं। हम ये भी चाहते हैं कि हाउस टैक्स की दर को लेकर निगम द्वारा स्पष्ट स्लैब घोषित किया जाये। जिससे जनता के बीच चीजें स्पष्ट रहें। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स की दरों को कम करना वास्तव में पूरे व्यापार मंडल की जीत है। मैं इसके लिए गाजियाबाद के सभी व्यापारियों को बधाई देता हूं। सब एकसाथ आये। भविष्य में भी जब कभी व्यापारिक हितों पर कोई चोट पहुंचायेगा या आम जनता के हितों की लड़ाई की बात होगी तो व्यापरमंडल सबसे आगे मिलेगा। यह सफलता हम सबकी सामुहिक सफलता है।

# 4.70 करोड़ का सौंदर्यकरण कार्य शुरू

## संजीव शर्मा व सुनीता दयाल ने किया शिलान्यास





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रताप विहार क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा और मेयर सुनीता दयाल ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित सौंदर्यकरण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल से लीलावती चौराहे तक कराया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत करीब 4,70,27,491 रुपए है। कार्यक्रम में जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल भी मौजूद रहे। शिलान्यास कार्यक्रम में जीडीए सचिव विवेक मिश्र, एई योगेश पटेल, विभिन्न मंडल अध्यक्ष, पार्षद व क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

### क्षेत्र का हर इलाका बनेगा स्वच्छ व सुंदर : संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है। उनका उद्देश्य है कि हर इलाका स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बने, जिससे आमजन को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। यह सौंदर्यकरण कार्य प्रताप विहार के विकास में अहम भूमिका निभाएगा।

### शहर की छवि सुधारने पर फोकस : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** मेयर सुनीता दयाल ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए सौंदर्यकरण और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। ऐसे कार्यों से शहर की छवि बेहतर होती है और नागरिकों को स्वच्छ व आकर्षक वातावरण मिलता है।

### सुनियोजित विकास की दिशा में कार्य जारी : जीडीए

**करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने कहा कि गाजियाबाद को आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर बनाने के लिए प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहा है। इस तरह के कार्यों से नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# बिना तैयारी के बंद किया राधा कुंज फाटक का मेन रास्ता

## क्षेत्रवासी बोले : सीवर लाइन, गैस पाइपलाइन शिफ्ट किए बिना लगा दी बैरिकेडिंग




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राधा कुंज रेलवे फाटक पर अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही स्थानीय लोगों की मुसीबतें बढ़ गई हैं। रेलवे द्वारा बिना किसी ठोस वैकल्पिक व्यवस्था के मुख्य रास्ता बंद किए जाने से हजारों लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि अभी तक पानी, गैस और सीवर की लाइनों की शिफ्टिंग भी नहीं हुई है, लेकिन रेलवे ने मेन रास्ता रोककर लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पैदल रास्ता नहीं खोला गया, तो वे बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

### स्कूली बच्चों पर पड़ रहा बुरा असर : सुभाष राणा



राधा कुंज के आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सुभाष राणा ने बताया कि रेलवे ने मुख्य रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया है। इसका सबसे बुरा असर स्कूली बच्चों पर पड़ रहा है। अभी बुनियादी पाइपलाइनों को हटाने का काम शुरू नहीं हुआ जिसमें काफी समय लगेगा। ऐसे में रास्ता पूरी तरह बंद करना समझ से परे है। जो वैकल्पिक रास्ता दिया गया है, वह इतना लंबा है कि लोगों को काफी घूमकर आना पड़ रहा है।

### पैदल यात्रियों के लिए रास्ता छोड़ा जाए : संजीव शर्मा



स्थानीय निवासी संजीव शर्मा ने बताया इस गंभीर समस्या को लेकर थाना प्रभारी से भी वार्ता की गई है। मांग की गई है कि जब तक निर्माण कार्य पूरी गति से शुरू नहीं होता, तब तक कम से कम पैदल चलने वालों के लिए एक सिंगल रास्ता छोड़ा जाए ताकि बुजुर्गों और बच्चों को राहत मिल सके।

### रेलवे उठाए व्यावहारिक कदम : देवेंद्र शर्मा



क्षेत्रवासी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि राधा कुंज की आबादी को देखते हुए रेलवे को व्यावहारिक कदम उठाने चाहिए थे। फाटक पर अक्सर मालगाड़ी घंटों खड़ी रहती है, जिससे कॉलोनी की अंदरूनी गलियों में लंबा जाम लग जाता है।

### हर समय बनी रहती है हादसे की आशंका : कपिल राणा



स्थानीय निवासी कपिल राणा ने कहा कि मुख्य रास्ता बंद होने से सारा ट्रैफिक छोटी गलियों में मुड़ गया है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। पैदल यात्रियों और स्कूली बच्चों के लिए मुख्य मार्ग से 'सिंगल रास्ता' बहाल किया जाए। सीवर, पानी और गैस पाइपलाइन की शिफ्टिंग का काम जल्द से जल्द पूरा हो। ट्रैफिक डायवर्जन के लिए उचित साइन बोर्ड और सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाएं।

## हाउस टैक्स में भारी बढ़ोतरी का प्रस्ताव निरस्त

### जनता और जनप्रतिनिधियों के संघर्ष जीत बताया : ओम दत्त कौशिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स की अत्यधिक वृद्धि को शासन स्तर से समाप्त कर दिया गया है। इस निर्णय का स्वागत करते हुए राजनगर मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक ने इसे जनता के हित में एक बड़ी विजय बताया और प्रदेश सरकार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विशेष रूप से पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के पार्षदों और जनहित में पार्षद पद से इस्तीफा देने वाले हिरेंद्र यादव (बिल्लू) के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की एकजुटता और संघर्ष के कारण ही प्रशासन को यह जनविरोधी प्रस्ताव वापस लेने पर विवश होना पड़ा।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में 'विबग्योर 2026' का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव विबग्योर 2026 का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्सव के पहले दिन विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसके बाद भव्य कवि सम्मेलन और आकर्षक फैशन शो ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। छात्रों और दर्शकों ने इन प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया।

दूसरे दिन भी छात्रों द्वारा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पंजाबी सिंगर की लाइव परफॉर्मेंस रही, जिसने सेलिब्रिटी नाइट को यादगार बना दिया। उनके गीतों पर छात्र देर रात तक झूमते रहे और पूरे कैंपस में उत्साह का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा अनिल कुमार ने आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में प्रबंधन के गणमान्य सदस्यों में संजय अग्रवाल, राकेश छारिया, प्रमोद अग्रवाल, सुधीर शुक्ला, अर्पित अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कॉलेज प्रबंधन और फैकल्टी ने छात्रों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना की। विबग्योर 2026 ने न केवल छात्रों को अपनी कला प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया, बल्कि पूरे परिसर में ऊर्जा और उत्सव का वातावरण भी बनाया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



Ram Avtar Jindal
1d ·

मेरी बड़ी बहू पल्लवी जिंदल जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका स्नेह, सरलता और परिवार के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और दीर्घायु का आशीर्वाद प्रदान करें।

डॉ. विशाल जिंदल जी और प्यारे विवान जिंदल के साथ आपका जीवन यूँ ही खुशियों से भरा रहे और हर दिन नई ऊँचाइयों को छुए।

जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं 🎉🎂🙏

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। डॉ. राम अवतार जिंदल राजनीति के साथ-साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों को भी बहुत बेहतरीन तरीके से निभाते हैं। वह अपने परिवार के मुखिया हैं और परिवार के प्रति एक जिम्मेदारी का भाव रखते हैं। अपनी प्यारी बहू पल्लवी जिंदल को उन्होंने जन्मदिन पर बधाई और आशीर्वाद दिया। सफल-सुखद-खुशहाल जीवन की कामना की और इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। जन्मदिन की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## हाउस टैक्स कटौती पर मयंक गोयल ने सीएम का जताया आभार और कहा–जनता को मिली राहत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने हाउस टैक्स में कटौती के निर्णय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला जनभावनाओं के अनुरूप है और इससे आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। मयंक गोयल ने कहा कि हाउस टैक्स बढ़ोतरी के मुद्दे पर महानगर संगठन लगातार सक्रिय रहा और जनभावनाओं को प्रभावी रूप से सरकार तक पहुंचाया गया। इसी का परिणाम है कि सरकार ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए जनता को राहत दी।



उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन सदैव जनता के हितों को प्राथमिकता देता है और आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाता रहेगा। साथ ही विश्वास जताया कि सरकार भविष्य में भी इसी तरह संवेदनशील फैसले लेती रहेगी।

## गाजियाबाद में कवि सम्मेलन के जरिए मना हिंदू नव वर्ष और अंबेडकर जयंती

## विधायक संजीव शर्मा ने किया पार्षदों का सम्मान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन के बी-ब्लॉक स्थित चंद्रशेखर पार्क में शनिवार (11 अप्रैल) की शाम देशप्रेम, हास्य और काव्य के नाम रही। भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती और हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर निवर्तमान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में एक भव्य कवि सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया।

समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजनीति, समाजसेवा और साहित्य जगत की बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। देश के कोने-कोने से आए ख्याति प्राप्त कवियों ने देर रात तक श्रोताओं को अपनी रचनाओं से जोड़े रखाः दिल्ली से आए डॉ. प्रवीण शुक्ला, आगरा के प्रताप फौजदार, उदयपुर के सुनील व्यास और बडौत के पी.के. आजाद ने अपनी हास्य रचनाओं से जनता को ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। वडोदरा की श्वेता सिंह और साहिबाबाद की नंदिनी श्रीवास्तव ने श्रृंगार रस की मधुर प्रस्तुति दी, वहीं इटावा के डॉ. राजीव राज ने गीतों से मंत्रमुग्ध किया।

**विधायक संजीव शर्मा ने किया नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान**



पप्पू पहलवान के सानिध्य में सजी कवियों की महफिल

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और संस्था के संरक्षक, क्षेत्रीय विधायक माननीय संजीव शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक जी ने नवनिर्वाचित नामित पार्षदों एवं सभासदों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डी.एन. कॉल, शैलेंद्र सक्सेना, संजय अग्रवाल, दिलीप उनियाल, आर.पी. शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महिलाओं की ओर से अंजू घंशाला, अनीता राणा, निशा चौहान और सीमा सिंह ने भी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई।

## शालीमार गार्डन में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ संचालिका समेत 5 महिलाएं गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान मुख्य संचालिका सहित पांच महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।




सभी महिलाओं की उम्र 30 वर्ष से अधिक बताई जा रही है। पुलिस को लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत मिल रही थी। शिकायतों के आधार पर थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और पुख्ता सूचना मिलने पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक मकान से इस अवैध धंधे का संचालन होते पाया गया।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह की संचालिका ग्राहकों को व्हाट्सएप के जरिए संपर्क करती थी। वह स्टेटस पर महिलाओं की तस्वीरें अपडेट कर ग्राहकों को आकर्षित करती थी और उन्हें घर पर बुलाकर अवैध गतिविधियां संचालित की जाती थीं। गिरफ्तार महिलाओं में कुछ दिल्ली और कुछ स्थानीय क्षेत्र की निवासी बताई जा रही हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह धंधा काफी समय से संचालित हो रहा था। फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में आसपास के इलाकों में दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की अवैध गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखा जाएगा।

## भाजपा स्थापना दिवस पर पटेलनगर में कार्यक्रम, कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शहर विधानसभा के वार्ड नंबर 9 पटेलनगर में पार्षद शीतल चौधरी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक रूप चौधरी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जनसंघ से लेकर वर्तमान भाजपा तक के संघर्ष और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष एडवोकेट महिम मित्तल ने की, जबकि संचालन मंडल उपाध्यक्ष कलवा कश्यप ने किया। मुख्य वक्ता रूप चौधरी ने केंद्र व प्रदेश की सरकारों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए भारत की वैश्विक प्रगति पर भी चर्चा की।

इस दौरान वार्ड के वरिष्ठ कार्यकताओं को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विनीत त्यागी, नवनीत शर्मा, रणवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वैशाली वार्ड 76 में 'वार्ड चलो बस्ती चलो' अभियान का आयोजन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में चलाए जा रहे 'वार्ड चलो बस्ती चलो' जनसंपर्क अभियान के तहत वसुंधरा मंडल के वार्ड 76, वैशाली में गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्थानीय पार्षद गौरव सोलंकी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने उत्साह के साथ भागीदारी की।

मुख्य अतिथि प्रदेश श्रम प्रकोष्ठ के सह-संयोजक योगेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने वहां मौजूद वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्ध जनों का सम्मान करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की पिछले 9 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान सरकार की जनहितकारी योजनाओं से संबंधित पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया, ताकि आम जनमानस तक विकास कार्यों की जानकारी पहुँच सके।

पार्षद गौरव सोलंकी ने कहा कि भाजपा का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। कार्यक्रम में शक्ति केंद्र संयोजक जितेन्द्र राय, राकेश पांडे सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। गोष्ठी के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आगामी विधानसभा चुनाव में एक बार फिर भारी बहुमत के साथ योगी सरकार बनाने का संकल्प लिया।

## राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर बैठक संगठन को मजबूत करने पर जोर

**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर आयोजित बैठक में सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ जिम्मेदारियों का निर्वाह करना ही संगठन को आगे बढ़ाने का आधार है। इस दौरान दुहाई निवासी आलोक चौधरी को महानगर स्तर पर जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की, जबकि संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। बैठक में संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर चौ. तेजपाल सिंह, अमरीश त्यागी, एडवोकेट कुंवर अय्यूब अली, अंकुर त्यागी, लोकेश चौधरी, कृष्ण पाल डायरेक्टर, रणजीत सिंह तेवतिया, हिमांशु नागर, अरुण शर्मा, वीर सिंह सलेमाबाद, नीरज सेहरावत, मनिंदर बिल्ला, दीपू शर्मा, वेद प्रकाश प्रजापति, शांतनु त्यागी, इमरान इलाही, संजय बिंदल, विनीत त्यागी, शिवम गर्ग, अभिषेक चौधरी, विक्रांत चौधरी, अमित गर्ग, अपूर्व निगम, रहीसुद्दीन, हाजी तोहिद, जुनेद चौधरी, ऋषिपाल सिंह, उद्देश्य कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खालसा सजना दिवस पर सिख यूथ इंडिया की बाइक यात्रा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खालसा सजना दिवस के उपलक्ष में सिख यूथ इंडिया द्वारा शहर में बाइक यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सिख एवं पंजाबी युवा भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यात्रा का उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपने इतिहास, परंपरा और मूल्यों के प्रति जागरूक करना रहा। यह रैली दशमेश वाटिका से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई बजरिया गुरुद्वारे में संपन्न हुई। आयोजन में जसमीत सिंह (अमन), सोनू बग्गा (अमित), मनप्रीत सिंह कोहली, कुलदीप सिंह, उदीप सिंह, करण सिंह गुजराल, बलप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह सोहल और गगनदीप सिंह की प्रमुख भूमिका रही।

## ट्रंप ने शांति वार्ता विफल होने पर ईरान को बताया जिम्मेदार

**होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी का किया एलान**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक लंबी पोस्ट में ईरान, पाकिस्तान और परमाणु मुद्दे को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने का वादा किया था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उनके मुताबिक, इससे दुनिया भर में चिंता और आर्थिक परेशानी बढ़ी है। ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया कि ईरान ने समुद्र में बारूदी माइन्स बिछाई, जिससे समुद्री जहाजों के लिए खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि कोई भी जहाज मालिक ऐसे इलाके में जाने का जोखिम नहीं लेगा।



ट्रंप ने आगे कहा कि ईरान की इस हरकत से उसकी छवि को नुकसान पहुंचा है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने ईरान से तुरंत इस अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग को खोलने की मांग की। अपनी पोस्ट में ट्रंप ने यह भी दावा किया कि उन्हें इस पूरे मामले की जानकारी अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने दी।

**न्यू जर्सी में गोलीबारी से गई एक की जान**

## न्यूयॉर्क में बुजुर्गों पर हमला करने वाला सनकी हमलावर ढेर

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी में एक रेस्टोरेंट के भीतर हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। वहीं, न्यूयॉर्क के ग्रैंड सेंट्रल स्टेशन पर एक सनकी हमलावर ने तीन बुजुर्गों पर धारदार हथियार से हमला किया, जिसे पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।




अमेरिका के न्यू जर्सी और न्यूयॉर्क में हुई दो अलग-अलग हिंसक घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया है। पहली घटना न्यू जर्सी के यूनियन टाउनशिप की है, जहां एक मशहूर फास्ट-फूड रेस्टोरेंट 'चिक-फिल-ए' में शनिवार रात करीब 8:40 बजे अचानक गोलीबारी शुरू हो गई। हमलावर रेस्तरां के अंदर घुसे और काउंटर के पीछे पहुंचकर अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दीं। उस समय रेस्टोरेंट में कई ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे, जिससे वहां भगदड़ मच गई।

इस हमले में कम से कम छह लोगों को गोली लगी है। इनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चश्मदीदों ने बताया कि कुछ ही सेकंड में रेस्तरां का माहौल किसी युद्ध के मैदान जैसा हो गया था। पुलिस ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और यूनियन काउंटी प्रॉसिक्यूटर ऑफिस मामले की जांच कर रहा है। अभी तक हमलावरों की पहचान और हमले की वजह का पता नहीं चल पाया है।

दूसरी घटना न्यूयॉर्क के ग्रैंड सेंट्रल स्टेशन की है। शनिवार सुबह करीब 9:50 बजे 44 साल के एंथनी ग्रिफिन ने बिना किसी उकसावे के तीन बुजुर्गों पर धरदार हथियार मचेती (एक बड़ा चाकू) से हमला कर दिया। हमलावर खुद को लुसिफर कह रहा था। इस हमले में एक 85 साल के बुजुर्ग के सिर पर गहरा घाव हुआ, एक 65 साल के व्यक्ति के सिर पर चोट आई और एक 70 साल की महिला के कंधे पर वार किया गया।

मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने हमलावर को हथियार डालने के लिए कई बार आदेश दिया, लेकिन उसने बात नहीं मानी। पुलिस ने उसे मदद की पेशकश भी की, लेकिन वह चाकू लेकर उनकी तरफ बढ़ने लगा। इसके बाद पुलिस ने उसे गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने बताया कि तीनों घायल बुजुर्गों की हालत अब स्थिर है।

पुलिस इस मामले की आंतरिक जांच कर रही है और जल्द ही बॉडी-कैमरा फुटेज जारी करेगी। इससे पहले मार्च में मेयर के निवास ग्रेसी मेंशन के बाहर भी एक बम हमले की कोशिश हुई थी। पुलिस ने उस समय एक आईईडी बरामद किया था और दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। उस मामले की जांच एफबीआई के साथ मिलकर की जा रही है।

## वैश्विक ताकत की रेस में अमेरिका कमजोर कई मोर्चों पर असर, चीन-रूस को होगा फायदा

**वॉशिंगटन।** ईरान युद्ध ने वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण खड़े कर दिए हैं। जहां अमेरिका को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं चीन और रूस इस स्थिति का रणनीतिक लाभ उठाते नजर आ रहे हैं। आने वाले समय में यह संघर्ष वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

ईरान में जारी युद्ध और उससे उपजे भू-राजनीतिक तनाव ने अमेरिका की वैश्विक स्थिति पर गहरा असर डाला है। विश्लेषकों के मुताबिक इस संघर्ष ने न केवल अमेरिका की रणनीतिक पकड़ कमजोर की है, बल्कि रूस और चीन जैसे प्रतिद्वंद्वी देशों को नए अवसर भी प्रदान किए हैं।

इस रिपोर्ट में उन चार प्रमुख पहलुओं को समझाया गया है, जिनके जरिए ईरान में जारी संघर्ष ने 21वीं सदी की वैश्विक महाशक्ति प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की स्थिति को कमजोर किया है।

अमेरिका लंबे समय से पश्चिम एशिया में अपने रणनीतिक हितों को संतुलित करने की कोशिश कर रहा है, लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों ने उसकी चुनौतियां बढ़ा दी हैं। शीत युद्ध के दौर में अमेरिका का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को सीमित करना था, जबकि साथ ही इस्त्राइल और पाकिस्तान जैसे सहयोगियों के परमाणु विकास पर नजर रखना भी शामिल था। 2020 के दशक में यह फोकस बदलकर चीन और रूस के बढ़ते प्रभाव को रोकने पर केंद्रित हो गया।




वहीं, चीन और रूस ने विभिन्न गठबंधनों और कूटनीतिक कदमों के जरिए पश्चिम एशिया में अपनी पकड़ मजबूत की है। चीन ने 2023 में सऊदी-ईरान समझौते में मध्यस्थता की, जबकि रूस ने ईरान और सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाया। अमेरिका का रणनीतिक फोकस हाल के वर्षों में लगातार पश्चिम एशिया से हटकर इंडो-पैसिफिक और पश्चिमी गोलार्ध की ओर बढ़ रहा था, लेकिन ईरान में छिड़े युद्ध ने इस दिशा को उलट दिया।

## इराक में खत्म हुआ लंबा राजनीतिक गतिरोध निजार अमेदी बने देश के नए राष्ट्रपति

**बगदाद।** इराक की संसद ने बगदाद में हुए मतदान में निजार अमेदी को नया राष्ट्रपति चुना है। लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के बाद यह फैसला आया है। अब नए राष्ट्रपति को 15 दिनों के भीतर प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार नामित करना होगा।

इराकी संसद ने राजधानी बगदाद में एक अहम मतदान के बाद पूर्व पर्यावरण मंत्री निजार अमेदी को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया है। संसद के अध्यक्ष हैबत अल-हल्बूसी ने रनऑफ मतदान में अमेदी को 227 वोट मिलने के बाद आधिकारिक विजेता घोषित किया। घोषणा के तुरंत बाद नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने संवैधानिक रूप से पद की शपथ ली।

इस महत्वपूर्ण सत्र में 329 सदस्यों वाली संसद के करीब 250 सांसद मौजूद थे। राष्ट्रपति चुनाव के लिए कम से कम 220 सांसदों की मौजूदगी जरूरी थी, इसलिए यह संख्या तय कोरम से अधिक थी। टीवी पर दिखाए गए सत्र के अनुसार, पैट्रियॉटिक यूनियन ऑफ कुर्दिस्तान (पीयूके) के उम्मीदवार अमेदी को पहले दौर में 208 वोट मिले। उनके मुकाबले में खड़े कुर्दिस्तान इस्लामिक यूनियन के मुथन्ना अमीन को 17 और मौजूदा विदेश मंत्री फुआद हुसैन को 16 वोट मिले।



पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को दो-तिहाई बहुमत नहीं मिला, इसलिए मुकाबला अमेदी और अमीन के बीच दूसरे दौर में चला गया।

अमेदी बगदाद में पीयूके के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख हैं। वे 2022 से 2024 तक इराक के पर्यावरण मंत्री रहे हैं और पूर्व इराकी राष्ट्रपतियों के सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। इराकी संविधान के तहत नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के पास 15 दिनों के भीतर संसद के सबसे बड़े दल के नेता को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित करने का अधिकार होता है। इसके बाद नामित उम्मीदवार के पास 30 दिनों के भीतर नई कैबिनेट गठित करने और विश्वास मत प्राप्त करने का समय होता है।

इराक में पिछले साल नवंबर में संसदीय चुनाव हुए थे। इस मतदान से लंबे समय से चल रहे राजनीतिक गतिरोध के खत्म होने का संकेत मिला है। कुर्द दलों के बीच सहमति की कमी और कोरम पूरा न होने की वजह से राष्ट्रपति का चुनाव बार-बार टल रहा था।

साल 2003 के बाद इराक में सत्ता के बंटवारे की एक व्यवस्था बनी है। इसके तहत राष्ट्रपति का पद कुर्द समुदाय के लिए, संसद अध्यक्ष का पद सुन्नी और प्रधानमंत्री का पद शिया समुदाय के लिए आरक्षित है।

## ईरान-अमेरिका वार्ता विफल होने के बीच राष्ट्रपति ट्रंप यूएफसी इवेंट में हुए शामिल, लोगों ने की आलोचना

**फ्लोरिडा।** अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता भले ही असफल रही हो, लेकिन इसका अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर कोई खास फर्क पड़ता नहीं दिखा। डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप के एक इवेंट में शामिल हुए। इसकी वजह से उन्हें आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा।

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई वार्ता बेनतीजा रही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को फ्लोरिडा में यूएफसी इवेंट में शामिल हुए। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इवेंट का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया।

ट्रंप मियामी में यूएफसी 327 में पहुंचे, जहां फाइट देखने के लिए एरीना में जाने से पहले यूएफसी के अध्यक्ष डाना व्हाइट ने उनका स्वागत किया। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी बेटी इवांका ट्रंप, पोती काई ट्रंप उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी शामिल थे।



**अमेरिका-ईरान शांति वार्ता रही बेनतीजाः** अमेरिकी राष्ट्रपति की यह मौजूदगी ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका की बातचीत बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई और दोनों पक्षों के बीच मुख्य मतभेद अभी भी सुलझे नहीं हैं। इस्लामाबाद में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि लंबी बातचीत के बावजूद वॉशिंगटन और तेहरान किसी डील पर नहीं पहुंच पाए। ऐसे भू-राजनीतिक तनाव वाले माहौल के बीच ट्रंप के इस इवेंट में शामिल होने की कड़ी आलोचना हो रही है।

आलोचकों का कहना है कि एक संवेदनशील भू-राजनीतिक समय के दौरान एक बड़े स्पोर्टिंग इवेंट में राष्ट्रपति की मौजूदगी से गलत मैसेज गया। कई लोगों ने बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के बीच एक हाई-एनर्जी फाइट नाइट में शामिल होने के नजरिए पर सवाल उठाए।

**सर्जियो गोर ने साझा किया वीडियो**

विरोध के बावजूद, जब ट्रंप ने एरीना में ग्रैंड एंट्री की, तो भीड़ के कुछ हिस्सों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप के साथ अपना पुरानी यादें ताजा की। यूएफसी कमेंटेटर जो रोगन समेत जाने-माने लोगों ने स्वागत किया। वहीं पूरे इवेंट के दौरान कैमरे का फोकस बार-बार उन पर ही रहा।

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें ट्रंप के साथ रुबियो और गोर नजर आ रहे हैं। ट्रंप कुछ लोगों से हाथ मिला रहे हैं। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा, इस ट्रिप को खत्म करने का यह एकदम सही तरीका है। मियामी में प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ यूएफसी! कल भारत वापस आने का इंतजार है।

### पाकिस्तान की अमेरिका-ईरान शांति वार्ता में मध्यस्थता जारी रहेगी

**कराची।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता को सुगम बनाना जारी रखेगा। इसके साथ ही दोनों पक्षों से युद्धविराम का पालन करने का आग्रह किया।

अमेरिका और ईरान के बीच लंबी बातचीत बिना किसी सफलता के समाप्त होने के बाद मीडिया को दिए एक संक्षिप्त बयान में उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले 24 घंटों में कई दौर की गहन और रचनात्मक चचाओं में मध्यस्थता करने में मदद की है।

उन्होंने कहा, मैंने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के साथ मिलकर दोनों पक्षों के बीच गहन और रचनात्मक वार्ता के कई दौरों में मध्यस्थता करने में मदद की, जो पिछले 24 घंटों तक जारी रही और आज सुबह समाप्त हुई। प्रगति की उम्मीद जताते हुए डार ने कहा कि दोनों पक्षों को स्थायी शांति और क्षेत्रीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए सकारात्मक भावना बनाए रखनी चाहिए।

